Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक **वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 120 | मंगलवार, 05 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# बंगाल-असम-पुडुचेरी में खिला भाजपा का कमल

## केरल में कांग्रेस और तमिलनाडु में विजय की आंधी

### पश्चिम बंगाल



**भाजपा को बहुमत**

टीएमसी को बड़ा झटका, भाजपा ने मारी बाज़ी

### असम



**भाजपा की प्रचंड जीत**

लगातार दूसरी बार भाजपा सत्ता में

### पुडुचेरी



**भाजपा ने मारी बाज़ी**

एनडीए गठबंधन की शानदार जीत

### केरल



**कांग्रेस की बड़ी जीत**

यूपीएफ गठबंधन की वापसी, कांग्रेस मजबूत

### तमिलनाडु



**विजय की आंधी**

टीवीके की ऐतिहासिक जीत, डीएमके को बड़ा झटका

### सीटों का संक्षिप्त लेखा-जोखा




| पश्चिम बंगाल (कुल 294) | | असम (कुल 126) | | पुडुचेरी (कुल 30) | | केरल (कुल 140) | | तमिलनाडु (कुल 234) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा | 160+ | भाजपा | 90+ | भाजपा | 20+ | कांग्रेस (UDF) | 80+ | टीवीके | 140+ |
| टीएमसी | 120+ | कांग्रेस | 25+ | कांग्रेस | 6+ | LDF (वाम) | 50+ | डीएमके | 60+ |
| अन्य | 14+ | अन्य | 11+ | अन्य | 4+ | अन्य | 10+ | अन्य | 34+ |

**मुख्य बातें**

- 3 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा का शानदार प्रदर्शन
- केरल में कांग्रेस की मजबूत वापसी
- तमिलनाडु में टीवीके (विजय) की ऐतिहासिक जीत

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने कई स्थापित राजनीतिक समीकरणों को उलट दिया है। बंगाल की राजनीति में बड़ा परिवर्तन हो गया, जहां भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पहली बार सरकार बनाने का रास्ता साफ कर लिया है। पार्टी ने 200 के आंकड़े को भी पार कर लिया और ममता बनर्जी की पार्टी दो अंकों में सिमट गई। वहीं तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजय ने चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए सत्ता पर कब्जा जमाया है। केरल में कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ को स्पष्ट बढ़त मिली है, जबकि असम और पुडुचेरी में भाजपा ने अपनी सत्ता बरकरार रखी है। इन चुनावों ने राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की बढ़ती ताकत, क्षेत्रीय दलों की चुनौतियां और कांग्रेस की सीमित वापसी को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। नतीजों ने वाम दलों को पूरी तरह हाशिये पर धकेल दिया है। अब पूरे देश से उनका सफाया हो गया है।

#### बंगाल में बीजेपी ने किया 200 का आंकड़ा पार

बंगाल में 294 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा ने दो सौ का आंकड़ा पार कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। यह राज्य की राजनीति में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। लंबे समय से सत्ता में बनी तृणमूल कांग्रेस इस बार सौ के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी। सीमावर्ती, आदिवासी और औद्योगिक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला, जबकि तृणमूल शहरी और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित रह गई। चुनाव प्रचार के दौरान ध्रुवीकरण, मतदाता सूची और ईवीएम सुरक्षा जैसे मुद्दों ने माहौल को तनावपूर्ण बनाए रखा। हालांकि हार के बाद ममता बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

#### तमिलनाडु में टीवीके ने किया बड़ा उलटफेर

तमिलनाडु में 234 सीटों के चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे बड़ा उलटफेर किया। बहुमत के लिए जरूरी 118 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ते हुए टीवीके ने द्रविड़ राजनीति के पारंपरिक द्विध्रुव को तोड़ दिया है। डीएमके एवं एआईएडीएमके दोनों ही पीछे छूट गए। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अपनी सीट तक नहीं बचा सके। विजय की नई छवि, संतुलित बयानबाजी और लोकलुभावन वादों ने मतदाताओं को आकर्षित किया है। एमजीआर के बाद यह पहला अवसर है जब किसी फिल्मी व्यक्तित्व को इतनी व्यापक राजनीतिक स्वीकृति मिली है।

#### केरल में दस वर्षों के बाद सत्ता परिवर्तन

केरल में दस वर्षों के बाद सत्ता परिवर्तन के संकेत स्पष्ट हैं। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने बहुमत की ओर बढ़त बनाई है। यहां लंबे समय से वामपंथी एलडीएफ की राजनीति मजबूत थी, जो इस बार पूरी तरह पिछड़ गया। हालांकि नतीजे बता रहे हैं कि कांग्रेस को सुकून से सरकार बनाने-चलाने के लिए सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। यूडीएफ के बहुमत में आते ही वाम दलों का देश में आखिरी मजबूत गढ़ भी कमजोर पड़ गया है।

#### असम में बीजेपी की हैट्रिक


असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। 126 सीटों वाली विधानसभा में पार्टी ने सहयोगियों के साथ मिलकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है। हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में सरकार ने विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और घुसपैठ के मुद्दे पर निर्णायक काम किया था, जिसके सामने कांग्रेस पूरी तरह पिछड़ गई और उसके प्रमुख नेता गौरव गोगोई को भी हार का सामना करना पड़ा।

#### पुडुचेरी में भी जीती भाजपा

भाजपा ने पूरे चुनाव के दौरान सहयोगी दलों के साथ संतुलन बनाए रखा, जिसका लाभ मिला।पुडुचेरी में भी राजग ने अपना प्रदर्शन दोहराते हुए सत्ता बरकरार रखी।

---

## ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन राइट्स संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र, सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों की सुरक्षा) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर प्रतिक्रिया मांगी है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई और इस पर नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा कि इस मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा जाएगा, जिसे सीजेआइ द्वारा गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा, "किसी भी अंतरिम आदेश देने का प्रश्न नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है।

25 मार्च को संसद ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के संरक्षण और अधिकारों से संबंधित कानून में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पारित किया, जिसमें सामाजिक उन्मुखियों को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया।

इसे 30 मार्च को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई। यह अधिनियम ऐसे व्यक्तियों पर लगाए गए नुकसान की गंभीरता के आधार पर क्रमबद्ध दंड का प्रविधान करता है।

## बरेली के सदर बाजार में 'पाकिस्तान समर्थक' नारेबाजी: 14 के खिलाफ एफआईआर, 6 हिरासत में लिए गये, तनाव के बाद भारी पुलिस बल तैनात

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यस्त बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी की गई। इस घटना के बाद सदर बाजार इलाके में दहशत फैल गई और सुरक्षा के लिहाज से दुकानदारों को अपनी दुकानें आंशिक रूप से बंद करनी पड़ीं। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज की है।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार दोपहर कैंटोनमेंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर बाजार में हुई, जहां मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने कथित तौर पर नारे लगाए, जिससे डर और भ्रम के बीच दुकानदारों को आंशिक रूप से दुकानें बंद करनी पड़ीं। पुलिस के मुताबिक घटना का मुख्य आरोपी पूर्व पार्षद तहसीन का बेटा काशिफ, मौलाना तौकीर रजा की इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) से जुड़ा है। रजा पिछले साल 27 सितंबर से जेल में बंद हैं।

'आई लव मोहम्मद' पोस्टर पर विवाद के बाद एक दिन पहले 26 सितंबर को बरेली में हिंसक झड़पें हुई थीं जिसके बाद से रजा जेल में हैं। पुलिस ने कहा कि घटना के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और अब तक लगभग 14 आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। शिकायत के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दो नामित आरोपियों और कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कैंटोनमेंट थाना के इंस्पेक्टर संजय धीर ने कहा कि कई स्थानों पर रात भर छापेमारी के बाद दो नाबालिगों सहित छह आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद काशिफ के आवास पर छापेमारी की गई, लेकिन वह फरार पाया गया। काशिफ के समर्थकों के जमा होने के बाद हिंसा भड़क गई, इस दौरान भीड़ ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया।

पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल पाए गए सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासी विकास द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, वह रविवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट एक कंप्यूटर की दुकान के पास खड़ा था, तभी मोटरसाइकिलों पर क्रिकेट बैट लेकर युवाओं का एक समूह नारे लगाते हुए गली से गुजरा।

विकास ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया, उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने कहा कि सोमवार सुबह से छावनी क्षेत्र में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है और कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## बंगाल में बीजेपी को बहुमत, दिल्ली में 'नकली' ममता ने बटोरी सुर्खियां



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ा उलटफेर हुआ है। भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे ममता बनर्जी का लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनने का सपना टूट गया है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा 183 सीटों पर आगे है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 101 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है। यह पहली बार है जब भाजपा बंगाल में सरकार बनाने जा रही है, जिससे राज्य में 15 साल के टीएमसी शासन और उससे पहले के 34 साल के कम्युनिस्ट राज का अंत हो गया है।

#### भाजपा दफ्तर में 'ममता' और 'झालमुड़ी' की चर्चा

नतीजों के बीच दिल्ली में भाजपा मुख्यालय का एक नजारा चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रतन रंजन, ममता बनर्जी का वेश धरकर और हाथ में 'झालमुड़ी' की प्लेट लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने ममता बनर्जी की आवाज और अंदाज की नकल करते हुए तंज कसा कि मोदी जी ने बंगाल में झालमुड़ी खाई और उनकी कुर्सी ही छीन ली।

#### मेरी कुर्सी मुझे वापस दो

मिमिक्री आर्टिस्ट रतन रंजन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि बंगाल में खेल खत्म हो गया है और लोगों ने इस बार 'दीदी' के बजाय 'अमित दादा' और 'मोदी दादा' को चुना है। उन्होंने नकल उतारते हुए कहा, 'मैंने अपनी कुर्सी खो दी है, अब घुसपैठियों का ख्याल कौन रखेगा? मैं अपनी कुर्सी नहीं छोड़ूंगी, इसे लेकर भाग जाऊंगी।' यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

## संपादक की कलम से

# शांति अशांति के बीच झूलती वैश्विक युद्ध की आशंका और परिणति'



ललित शर्मा
संपादक

अमेरिका ईरान इजरायल युद्ध के बीच शांति वार्ता युद्ध के तैयारी के लिए समय समय पैदा करने की युति से ज्यादा कुछ नहीं' अमेरिका युद्ध विराम को सिर्फ इसलिए आगे बढ़ते जा रहे हैं कि उन्हें अपनी तैयारी के लिए और समय चाहिए वैसे ईरान भी पूरी तरह से कंगाली के दौर से गुजर रहा है अब उसे युद्ध बढ़ाने के लिए समय चाहिए इन परिस्थितियों में ऐसा नहीं लगता की तीनों में से कोई देश शांति चाहता हो सब अपनी अपनी महत्वाकांक्षा और विस्तार नीति पर अड़े हुए हैं' परिणाम स्वरुप पूरा विश्व वैश्विक युद्ध की आशंका और उसके होने वाले परिणामों से भयभीत दिखाई दे रहा है' वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति–प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं।ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वाताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर , आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वत: ही संदिग्ध हो जाता है। अमेरिका और इजरायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार–बार विफल करता रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इजरायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने–अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है। यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी।

# विज्ञान और वैज्ञानिकों को अपनी असफलताओं का जश्न क्यों मनाना चाहिए



डॉ. विजय गर्ग
लेखक

लोकप्रिय धारणा के अनुसार, विज्ञान सत्य की ओर एक स्थिर यात्रा है; इस यात्रा में शानदार सफलताएँ, नोबेल पुरस्कार एवं ऐसे क्षण आते हैं जो दुनिया को बदल देते हैं। फिर भी, यह परिष्कृत कथा एक अधिक मौलिक वास्तविकता को छिपाती है: विज्ञान असफलता के बावजूद नहीं, बल्कि उसके कारण आगे बढ़ता है। हर खोज असफल प्रयोगों, अस्वीकृत परिकल्पनाओं और परित्यक्त विचारों के पहाड़ की चोटी पर खड़ी होती है। वैज्ञानिक उद्यम को वास्तव में समझने और मजबूत करने के लिए, हमें अपने दृष्टिकोण को बदलना होगा। असफलता विज्ञान का कोई रास्ता नहीं है; यह स्वयं ही एक मार्ग है।

## खोज की छिपी हुई रीढ़

अपने मूल में, विज्ञान एक ऐसी जांच-पड़ताल की विधि है जो विचारों के परीक्षण, प्रश्न और संशोधन पर आधारित होती है। एक परिकल्पना प्रस्तावित की जाती है, प्रयोगों को डिजाइन किया जाता है और परिणामों का विश्लेषण किया जाता है। अधिकतर, ये परिणाम मूल अपेक्षा की पुष्टि नहीं करते। वास्तव में, वैज्ञानिक कार्य में सफलता की तुलना में असफलता सांख्यिकीय रूप से अधिक आम है। कोई नई दवा नैदानिक परीक्षणों में असफल हो जाती है, कोई मॉडल देखे गए व्यवहार की भविष्यवाणी नहीं कर पाता, या कोई सिद्धांत नए साक्ष्य के आधार पर ध्वस्त हो जाता है।

फिर भी ये असफलियाँ बेकार नहीं हैं। वे प्रश्नों को परिष्कृत करते हैं, गलत धारणाओं को समाप्त कर देते हैं, तथा शोधकताओं को बेहतर दिशा में ले जाते हैं। जब कोई प्रयोग असफल हो जाता है, तो वह एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देता है: क्या काम नहीं करता। ऐसा करने से, जो कुछ हो सकता है उसकी ओर जाने का रास्ता संकुचित हो जाता है।

## आधुनिक विज्ञान में असफलता का डर

यद्यपि असफलता वैज्ञानिक पद्धति का केन्द्र है, फिर भी आधुनिक वैज्ञानिक संस्कृति अक्सर इसे हतोत्साहित करती है। शोधकताओं पर सकारात्मक परिणाम प्रकाशित करने, धन प्राप्त करने और प्रभाव प्रदर्शित करने का अत्यधिक दबाव है। पत्रिकाएं सफल परिणामों के पक्ष में होती हैं, जबकि असफल प्रयोग अक्सर अप्रकाशित रह जाते हैं, प्रयोगशाला की नोटबुकों में दफन हो जाते हैं या पूरी तरह से भुला दिए जाते हैं।

इससे विज्ञान के बारे में वैज्ञानिक समुदाय और जनता दोनों के बीच एक विकृत दृष्टिकोण पैदा होता है। इससे पता चलता है कि प्रगति सुचारू और पूवार्नुमानित है, जबकि वास्तविकता में यह अव्यवस्थित और अनिश्चित है। इससे भी बुरी बात यह है कि इससे प्रयास की दोहराव होती है, क्योंकि अन्य शोधकर्ता अनजाने में ही वही असफल प्रयोग दोहराते हैं, क्योंकि उन परिणामों को कभी साझा नहीं किया गया था।

असफलता का डर भी रचनात्मकता को दबा सकता है। वैज्ञानिक जोखिमपूर्ण, अपरंपरागत विचारों से बचकर सुरक्षित और अधिक पूवार्नुमानित अनुसंधान मार्ग अपना सकते हैं। समय के साथ, यह रूढ़िवाद नवाचार को धीमा कर सकता है और विज्ञान की परिवर्तनकारी क्षमता को सीमित कर सकता है।

## नवाचार के स्रोत के रूप में विफलता

इतिहास बताता है कि कुछ सबसे बड़ी वैज्ञानिक सफलताएं सीधे असफलता से ही सामने आईं। अप्रत्याशित परिणाम अक्सर जांच के नए क्षेत्र खोल देते हैं। जब प्रयोग अपेक्षा के अनुरूप नहीं होते, तो वे वैज्ञानिकों को मान्यताओं पर पुनर्विचार करने तथा नई संभावनाओं का पता लगाने के लिए बाध्य करते हैं।

असफलता, लचीलेपन एवं अनुकूलन क्षमता को बढ़ावा देती है; ये गुण वैज्ञानिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं। यह वैज्ञानिकों को अपनी सोच पर सवाल उठाने, अपने तरीकों को परिष्कृत करने और आश्चर्य के लिए तैयार रहने की शिक्षा देता है। कई मामलों में, जो शुरू में असफलता के रूप में दिखाई देता है, वह बाद में एक छिपी हुई सफलता के रूप में प्रकट होता है, क्योंकि यह गहरी समझ की ओर ले जाता है।

उदाहरण के लिए, नई सामग्रियों से लेकर चिकित्सा उपचारों तक की आकस्मिक खोजें अक्सर तब होती हैं जब कोई चीज गलत हो जाती है ये क्षण कोई अपवाद नहीं हैं; ये इस बात की याद दिलाते हैं कि विज्ञान केवल सहीता पर ही नहीं, बल्कि जिज्ञासा और खुलेपन पर पनपता है।

## मनोवैज्ञानिक आयाम

अपने बौद्धिक मूल्य के अलावा, असफलता वैज्ञानिकों की मानसिकता को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अनुसंधान स्वाभाविक रूप से अनिश्चित है, और असफलताएं अपरिहार्य हैं। असफलता को स्वीकार करना और उसका जश्न मनाना सीखने से वैज्ञानिकों को प्रेरणा और मानसिक कल्याण बनाए रखने में मदद मिलती है।

जब विफलता को कलंकित किया जाता है, तो इससे आत्म-संदेह, थकान और यहां तक कि अनैतिक प्रथाएं भी उत्पन्न हो सकती हैं, जैसे डेटा हेरफेर या चयनात्मक रिपोर्टिंग। दूसरी ओर, जब विफलता को सामान्य और मूल्यवान माना जाता है, तो इससे एक स्वस्थ, अधिक ईमानदार वैज्ञानिक संस्कृति का निर्माण होता है।

विशेष रूप से युवा शोधकताओं को इस बदलाव से लाभ होता है। अपने करियर के शुरूआती दौर में वैज्ञानिकों को अक्सर लगता है कि असफलता अनुसंधान की प्रकृति के बजाय व्यक्तिगत अपर्याप्तता को दशार्ती है। असफलताओं पर खुलकर चर्चा करके, मार्गदर्शक छात्रों को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि असफलताएं कमजोरी के संकेत नहीं हैं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया में आवश्यक कदम हैं।

एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना जो असफलता को महत्व देती है

वास्तव में असफलता को स्वीकार करने के लिए, वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र में प्रणालीगत परिवर्तन आवश्यक हैं

नकारात्मक परिणाम प्रकाशित करना पत्रिकाओं और प्लेटफार्मों को नकारात्मक या अनिर्णायक निष्कर्षों के प्रकाशन को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करना चाहिए।

इससे अनावश्यकता कम होगी, पारदर्शिता में सुधार होगा और वैज्ञानिक प्रगति की अधिक सटीक तस्वीर उपलब्ध होगी। सफलता के मापदंडों को पुन: परिभाषित करना वित्तपोषण एजेंसियों और संस्थानों को प्रकाशन संख्या या प्रभाव कारक जैसे सरल मापदंडों से आगे बढ़ना होगा। अनुसंधान की गुणवत्ता, कठोरता एवं मौलिकता का मूल्यांकन करना - जिसमें उच्च जोखिम वाली परियोजनाएँ भी शामिल हैं - अधिक नवीन कार्यों को प्रोत्साहित कर सकता है।

ओपन साइंस प्रैक्टिस खुले भंडार के माध्यम से डेटा, विधियों और यहां तक कि असफल प्रयोगों को साझा करने से सामूहिक शिक्षा में तेजी आ सकती है। विज्ञान तब अधिक शक्तिशाली हो जाता है जब ज्ञान, जिसमें गलतियाँ भी शामिल हैं, सभी के लिए सुलभ हो जाती है।

शिक्षा एवं प्रशिक्षण विज्ञान शिक्षा में असफलता की भूमिका को स्पष्ट रूप से सिखाया जाना चाहिए। छात्रों को न केवल यह सीखना चाहिए कि प्रयोग कैसे डिजाइन किए जाएं, बल्कि असफल परिणामों की व्याख्या और उनसे सीखने का भी तरीका सीखना चाहिए।

नेतृत्व और रोल मॉडल वरिष्ठ वैज्ञानिकों और संस्थानों को अपनी असफलताओं के बारे में खुलकर बताना चाहिए। जब सम्मानित व्यक्ति अपनी असफलताओं पर चर्चा करते हैं, तो इससे अनुभव सामान्य हो जाता है और ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

## समाज को असफलता का संदेश देना

विज्ञान के बारे में जनता की समझ अक्सर सफलताओं की घोषणा करने वाली सुर्खियों से प्रभावित होती है। हम शायद ही कभी उन असफल प्रयासों के बारे में सुनते हैं जो उनसे पहले हुए थे। जब विज्ञान त्वरित समाधान नहीं देता, तो यह चयनात्मक कहानी अवास्तविक अपेक्षाएं पैदा कर सकती है और विश्वास को नष्ट कर सकती है।

असफलता के बारे में अधिक खुले तौर पर बात करके, वैज्ञानिक इस बात की अधिक प्रामाणिक तस्वीर प्रस्तुत कर सकते हैं कि ज्ञान कैसे निर्मित होता है। यह पारदर्शिता जनता के विश्वास को मजबूत कर सकती है, क्योंकि इससे पता चलता है कि विज्ञान एक कठोर, आत्म-सुधार प्रक्रिया है, न कि अचूक सत्यों का संग्रह।

## असफलता से प्रगति तक

असफलता का जश्न मनाने का मतलब गलतियों को महिमामंडित करना या कठोरता के मानकों को त्यागना नहीं है। बल्कि, इसका अर्थ है असफलता को खोज का एक अभिन्न और उत्पादक हिस्सा मानना। इसका अर्थ है प्रक्रिया को उतना ही महत्व देना जितना कि परिणाम को।

कई मायनों में, असफलता वैज्ञानिक प्रगति का इंजन है। यह सवाल उठाने को प्रेरित करता है, नवाचार को बढ़ावा देता है, एवं समझ को और भी बेहतर बना देता है। इसके बिना, विज्ञान स्थिर हो जाएगा, निर्विवाद धारणाओं और अप्रमाणित विचारों में फंसा रहेगा।

## निष्कर्ष

विज्ञान, बिना किसी रुकावट के सफलता की कहानी नहीं है; यह एक ऐसी यात्रा है जो परीक्षणों, त्रुटियों एवं दृढ़ता से तय होती है। आगे बढ़ने के लिए, वैज्ञानिकों को असफलता को एक बाधा नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में अपनाना होगा। असफलताओं का जश्न मनाकर, उन्हें खुले तौर पर साझा करके और उनसे सामूहिक रूप से सीखकर, वैज्ञानिक समुदाय अधिक नवीन, अधिक लचीला और अधिक सच्चा बन सकता है।

अंतत:, हर असफल प्रयोग दुनिया को समझने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ता है। और इस अर्थ में, असफलता सफलता के विपरीत नहीं है - यह इसकी नींव है।

## दोस्ती

### उदय किशोर साह

### कविता

मित्र वही जो कृष्ण सुदामा का अक्स दिखाये
मित्र वही जो लक्ष्मण सा हो जीवन में आये
मित्र वही जो भरत जैसा त्याग हमें दिखलाये
मित्र वही जो बानर सुग्रीव हनुमत बन जाये

मित्र वही जो अपनापन जीवन में समझ आये
मित्र वही जो खून का रिश्ता सा हमें जताये
मित्र वही जो राज दरबार में संग संग जाये
मित्र वही जो अन्तिम संस्कार में भी आये

मित्र वही जो बैरी के। बीच ढाल बन जाये
मित्र वही जो अभिमान गुमान ना दिखलाये
मित्र वही जो भाई का अनुराग बरसाये
मित्र वही जो दौलत की दीवार गिराये

मित्र वही जो मैत्री में भेद भाव को ठुकराये
मित्र वही जो अमीरी गरीबी को भगाये
मित्र वही जो मुसीबत में सदैव काम आये
मित्र वही जो सांसों में बस को महकाये

मित्र वही जो सरस दिल दास्ती में दिखाये
मित्र वही जो स्नेह प्रेम का भाव बहाये
मित्र वही जो बरबस परछाई सा बन जाये
मित्र वही जो जटायु बन मैत्री धर्म निभाये

# तकनीक का जाल या उपभोक्ता की मजबूरी ?



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



दो-तीन वर्षों में नया मोबाइल खरीदना–यह केवल एक व्यक्ति का अनुभव नहीं, बल्कि आज के डिजिटल युग की एक व्यापक सच्चाई है। कभी तकनीक को जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने का माध्यम माना जाता था, लेकिन आज वही तकनीक कई बार उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक और मानसिक दबाव का कारण बनती दिखाई देती है। सवाल यह नहीं है कि तकनीक गलत है, बल्कि यह है कि उसका उपयोग और व्यापारिक ढांचा किस दिशा में जा रहा है।

मोबाइल कंपनियाँ हर वर्ष नए-नए मॉडल बाजार में उतारती हैं, जिनमें बेहतर कैमरा, तेज प्रोसेसर और आकर्षक डिजाइन का वादा किया जाता है। इसके साथ ही पुराने मोबाइल फोन के लिए सॉफ़्टवेयर अपडेट भी जारी किए जाते हैं। सिद्धांत रूप में ये अपडेट सुरक्षा और प्रदर्शन सुधारने के लिए होते हैं, लेकिन व्यवहार में कई उपयोगकताओं को यह अनुभव होता है कि अपडेट के बाद उनका फोन धीमा हो जाता है, बैटरी जल्दी खत्म होती है और ऐप्स पहले की तरह सुचारू रूप से नहीं चलते। इस स्थिति ने kplanned obsolescencel यानी योजनाबद्ध अप्रचलन की बहस को जन्म दिया है–एक ऐसी रणनीति, जिसमें उत्पाद को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वह कुछ समय बाद अप्रभावी हो जाए, ताकि उपभोक्ता नया उत्पाद खरीदने को मजबूर हो।

यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि हर बार कंपनियाँ जानबूझकर ऐसा करती हैं। तकनीकी रूप से, हर नया सॉफ़्टवेयर अधिक उन्नत होता है और उसे अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। पुराने हार्डवेयर पर उसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन जब यही प्रक्रिया लगातार उपभोक्ता के अनुभव को खराब करती है, तो यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या कंपनियाँ अपने उत्पादों की दीर्घकालिक उपयोगिता को लेकर पर्याप्त ईमानदार हैं। उपभोक्ता के पास विकल्प सीमित होते जा रहे हैं–या तो वह धीमे होते फोन के साथ समझौता करे या फिर नया फोन खरीदे।

टेलीकॉम क्षेत्र में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। पहले जहाँ रिचार्ज प्लान 30 दिनों के होते थे, वहीं अब अधिकांश कंपनियाँ 28 दिनों का चक्र अपनाने लगी हैं। पहली नजर में यह अंतर छोटा लगता है, लेकिन साल भर में यह अंतर एक अतिरिक्त रिचार्ज में बदल जाता है। यानी उपभोक्ता को 12 के बजाय 13 बार भुगतान करना पड़ता है। यह एक सूक्ष्म लेकिन प्रभावी व्यावसायिक रणनीति है, जो कंपनियों के मुनाफे को बढ़ाती है, जबकि उपभोक्ता की जेब पर अतिरिक्त भार डालती है। यह व्यवस्था खासकर उन लोगों के लिए अधिक कठिन है, जिनकी आय सीमित है और जिनके लिए हर अतिरिक्त खर्च मायने रखता है।

डिजिटल सेवाओं के बढ़ते विस्तार के साथ ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) का उपयोग भी अत्यधिक बढ़ गया है। बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, सोशल मीडिया, यहाँ तक कि कई सरकारी सेवाओं के लिए भी ओटीपी अनिवार्य हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से यह एक आवश्यक कदम है, क्योंकि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष यह है कि इससे उपयोगकर्ता अनुभव जटिल हो जाता है। हर छोटे काम के लिए ओटीपी की आवश्यकता प्रक्रिया को धीमा और कभी-कभी निराशाजनक बना देती है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास स्थिर नेटवर्क या आधुनिक उपकरण नहीं हैं, उनके लिए यह एक अतिरिक्त बाधा बन जाती है।

सबसे गंभीर मुद्दा डेटा की अनिवार्यता का है। आज के समय में इंटरनेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है; यह शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक पहुँच का मुख्य माध्यम बन चुका है। ऑनलाइन कक्षाएँ, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस सेवाएँ–ये सभी इंटरनेट पर निर्भर हैं। ऐसे में डेटा खरीदना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। लेकिन जब डेटा की कीमतें लगातार बढ़ती हैं या योजनाएँ जटिल होती जाती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ता है। डिजिटल विभाजन (digital divide) और गहरा हो जाता है, जहाँ एक वर्ग तेजी से आगे बढ़ता है, जबकि दूसरा वर्ग पीछे छूट जाता है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है–क्या इस स्थिति पर नियंत्रण संभव है? इसका उत्तर सरल नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, नियामक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनियाँ उपभोक्ताओं के साथ पारदर्शिता बनाए रखें और ऐसी नीतियाँ न अपनाएँ जो अप्रत्यक्ष रूप से शोषण का कारण बनें। उदाहरण के लिए, रिचार्ज योजनाओं की अवधि और संरचना को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जा सकते हैं, ताकि उपभोक्ता को भ्रमित न किया जाए।

दूसरा, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। यदि कोई कंपनी जानबूझकर अपने उत्पाद की कार्यक्षमता को कम करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वे अपने उपकरणों की मरम्मत आसानी से करा सकें। kRight to Repairl जैसे विचार इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों पर अधिक नियंत्रण देते हैं और उन्हें बार-बार नया उत्पाद खरीदने की मजबूरी से बचाते हैं।

तीसरा, उपभोक्ता जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कई बार हम स्वयं भी बिना सोचे-समझे नए उत्पादों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। विज्ञापन, सोशल मीडिया और साथियों का प्रभाव हमें यह महसूस कराता है कि नया फोन या नई योजना आवश्यक है, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं होता। यदि उपभोक्ता अपने निर्णय सोच-समझकर लें, अनावश्यक अपडेट्स से बचें और अपने उपकरणों का उपयोग अधिक समय तक करें, तो इस चक्र को कुछ हद तक तोड़ा जा सकता है।

इसके अलावा, सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल सेवाएँ सभी के लिए सुलभ और किफायती हों। सार्वजनिक वाई-फाई, सस्ती डेटा योजनाएँ और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक तकनीक का लाभ पूर्ण रूप से समाज तक नहीं पहुँच पाएगा।

अंततः, तकनीक स्वयं में न तो अच्छी है और न ही बुरी–यह इस बात पर निर्भर करती है कि उसका उपयोग कैसे किया जाता है। यदि तकनीक का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना बन जाए, तो वह उपभोक्ताओं के लिए बोझ बन सकती है।

लेकिन यदि उसे मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाए, तो वह एक शक्तिशाली साधन बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक और व्यापार के बीच संतुलन स्थापित करें। कंपनियाँ अपनी जिम्मेदारी समझें, नियामक संस्थाएँ सक्रिय रहें और उपभोक्ता जागरूक बनें।

तभी हम एक ऐसे डिजिटल भविष्य की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ तकनीक वास्तव में मानव जीवन को सरल और समृद्ध बनाए, न कि उसे आर्थिक दबाव और निर्भरता के जाल में फँसा दे।

# महंगे गैस की चिंता मत करो, आ रही है 'होटल-ठेला खाऊ योजना'



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

'सर, जनता में आक्रोश है।' पार्टी के कार्यकर्ता ने नेताजी के कान में ऐसे धीरे से कहा, मानो ईरान के परमाणु भंडार की कोई गुप्त सूचना दे रहा हो। नेताजी चौंकने के बजाय बगासे खाकर बोले, 'देखो, नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ये सभी ऐसे देश हैं, जहां जनता में हमेशा आक्रोश रहता ही है।' कार्यकर्ता थोड़ा हिचकते हुए बोला, 'सर, इस बार तो हमारे यहां जनता में आक्रोश है।' 'व्हाट?' जैसे हॉर्मुज की खाड़ी से गुजर रहे जहाज पर ईरान की मिसाइल गिर जाए और उसमें रखा तेल का बैरल उछल पड़े, वैसे ही नेताजी कुर्सी से उछल पड़े, 'आक्रोश? हमारी जनता में आक्रोश? यानी विद्रोह? यानी अशांति? जरूर यह पाकिस्तान की साजिश है। बालीवुड में किसी प्रोड्यूसर को फोन लगाओ और कह दो कि फिर से 'धुरंधर' जैसी फिल्म बना दे। इस बार फिल्म में पाकिस्तान के चार टुकड़े करवा देंगे। पाकिस्तानियों की अक्ल ठिकाने आ जाएगी।' कार्यकर्ता बोला, 'सर, हमारे देश में आक्रोश पैदा करने की ताकत पाकिस्तानियों में नहीं है। इस बार आक्रोश तो कामर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से हुआ है। लोग बहुत शोर मचा रहे हैं, सर।' नेताजी ने नकार में सिर हिला कर कहा, 'सब फेक न्यूज है। हमारी जनता को ऐसे मुद्दों पर आक्रोश का 'अ' भी आता होता, तो हम इतने सालों से राजनीति में टिके रहते क्या?' कार्यकर्ता बोला, 'सर, थोड़ा समझिए। कामर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ते हैं, तो बाहर खाने के दाम बढ़ जाते हैं। ठेले की चाय से लेकर शादी के खाने तक सब महंगा हो जाता है। लोगों को हर दूसरे दिन ठेले पर जाकर चाट और समोसे खाना महंगा पड़ता है, तो वे समोसे के उबलते तेल जैसे ही गर्म-गर्म आहें भरते हैं।' 'आइडिया' नेताजी ने चुटकी बजाई, 'देखो, गैस के दाम वगैरह तो ईरान युद्ध की वजह से हैं और हम विश्वगुरु होने के बावजूद उस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है। तो कोई बात नहीं। गैस की स्थिति पर हमारा काबू न हो, तो जनता को सब्सिडी, कल्याण योजनाएं, राहत देना तो हमारे हाथ में है! हम तुरंत 'ठेला-होटल खाऊ योजना' घोषित कर देते हैं। हर परिवार को आय के अनुसार गैस इस्तेमाल करने वाले होटल-ठेला के फूड बिल पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देंगे। हर व्यक्ति को रोज एक कटिंग चाय का वाउचर देंगे। जैसे लोग सरकारी अस्पताल में कार्ड दिखाकर मुफ्त इलाज कराते हैं, वैसे ही सरकारी फूड कार्ड दिखाने पर ठेले से समोसा या डोसा पर डिस्काउंट मिल जाएगा। लारी-होटल वाले सरकार से पैसा ले लेंगे। हां, अस्पतालों की तरह होटल वाले भी नकली और बढ़े हुए बिल लगाकर सरकार से ज्यादा पैसे ले लेंगे, लेकिन इतना घोटाला तो हमारी उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति सहन कर ही लेगी।' कार्यकर्ता बोला, 'बेहतरीन योजना है सर, लेकिन अगर यह योजना लागू हो गई, तो जो होटल वाले अभी इलेक्ट्रिक कुकिंग या सिगड़ी इस्तेमाल करते हैं, वे भी इस योजना का फायदा लेने के लिए गैस सिलेंडर की तरफ मुड़ जाएंगे। तब देश में फिर से नया गैस संकट पैदा नहीं होगा?' नेताजी ऐसे सिर पकड़कर बैठ गए, मानो पेट की गैस दिमाग में चढ़ गई हो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन डी.एम से मिला, पत्रकार समिति की बैठक कराने को दिया पत्र

राजीव कुमार





**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा के नेतृत्व में जिलाधिकारी से एक औपचारिक मुलाकात कर उनका जनपद में स्वागत किया। एसोसिएशन की ओर से उन्हें एक पत्र देकर पत्रकारों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए नियमानुसार जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित करने की मांग की।

आलोक तनेजा जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द चौहान का जनपद में पद भार ग्रहण करने के बाद स्वागत किया।

इस दौरान संगठन की ओर से उन्हें एक पत्र प्रेषित कर जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित करने की मांग की। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि पत्रकारों और शासन-प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए प्रदेश भर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पत्रकार स्थायी समिति गठित है।

शासनादेश के मुताबिक समिति की बैठक प्रतिमाह अनिवार्य रूप से कराई जानी प्रचलित है। इसके वावजूद अभी तक स्थायी समिति का गठन नहीं हुआ है जिसके कारण पत्रकारों की समस्याएं सीधे प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। कई बार छोटे-छोटे मुद्दों पर गलतफहमी पैदा हो जाती है, जिसे बैठक में बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शासनादेश का परीक्षण कराकर जल्द ही समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी का स्वागत करने व पत्र सौंपे जाने के दौरान संगठन की ओर अनिसुर रहमान सिद्दीकी उपाध्यक्ष, नवाजिश खान प्रशासनिक महामंत्री, वेद प्रकाश पाण्डेय महामंत्री संगठन, संजय चौधरी महानगर अध्यक्ष, मोनू कुमार संगठन मंत्री, विनोद कश्यप मंत्री,जुहेब जिला कार्यकारिणी सदस्य, सुभाष कश्यप संपादक, पारस पंवार प्रचार प्रभारी, रमेश सैनी, कर्मवीर आदि शामिल रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पुलिस अधिकारियों से मिला

सहारनपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ओर डी.एम से मुलाकात के पश्चात संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में मंयक पाठक पुलिस अधीक्षक देहात तथा ब्योम जिंदल एस.एस.पी सिटी से मुलाकात की और पत्रकारों की समस्याओं का प्राथमिक के आधार पर कार्रवाई करने की बात रखी।
पुलिस अधीक्षक देहात के समक्ष संगठन की ओर से पुलिस और पत्रकारों के बीच संवाद हीनता के कारण पैदा होने वाली गलतफहमियों चर्चा की गयी। दोनों अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि पत्रकारों की सूचना और जानकारी आवश्यकतानुसार साझा की जायेगी और विभाग की नयी नीतियों और निर्देशों से उन्हें समय समय पर अवगत कराया जायेगा।

# डीएम के आदेश पर राजस्व विभाग के निष्प्रयोज्य वाहनों की होगी नीलामी



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिलाधिकारी हापुड़ के आदेश के अनुसार में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व विभाग के निष्प्रयोज्य वाहन यू0पी023जी0270 इनोवा, एवं यू0पी023जी0181 टाटा सूमो, ₹जैसी स्थिति में है व जहाँ पर है₹ की नीलामी दिनांक 06.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे कलक्ट्रेट कार्यालय में स्थित सभाकक्ष में की जायेगी ।नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार होगी नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोली दाता को अंकन 10,000/रू०- अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा ।सबसे अधिक बोली दाता के पक्ष में नीलामी प्रोवीजनल रूप से छोडी जायेगी, बोलीदाता को नीलामी का पूर्ण धनराशि बोली पर ही जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किसी बोलीदाता द्वारा बोली बोलने के उपरान्त अपेक्षित घराशि जमा नहीं की जाती है तो उसके द्वारा जमा की गयी अर्नेस्ट मनी बहक सरकार जप्त कर ली जायेगी, तथा नीलामी में दूसरे नम्बर पर बोलीदाता के पक्ष में नीलामी प्रोवीजनल रूप से छोड दी जायेगी या नीलामी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।नीलाम अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली को निरस्त करने का अधिकार होगा तथा बोलीदाता को उसके के द्वारा जमा धनराशि बिना ब्याज के वापस की जायेगी ।वाहनो की नीलामी के संबंध में विवाद का क्षेत्र जनपद हापुड़ होगा ।नीलामी के सम्बन्ध में अन्य कोई जानकारी करनी हो तो किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग कलक्ट्रेट, हापुड़ आकर की जा सकती है। गाडी जहाँ पर जेसी स्थिति में स्वय देख लें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिला अधिकारी, हापुड़ की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिला मलेरिया अधिकारी, हापुड़ के द्वारा गतिविधियों के विषय में जानकारी दी गयी जिसमें अधिकाशं गतिविधियों में जनपद की उपलब्धि शत-प्रतिशत पायी गयी। दो गतिविधियों- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हीट वेव (लू) से बचाव हेतु अतिरिक्त पेयजल (प्यायु) की व्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों में आगंनवाडी कार्यकत्रियों के द्वारा घर-घर भ्रमण करके संचारी बीमारियों से रोकथाम व बचाव की जानकारी देना जैसे गतिविधियों में जनपद की उपलब्धि राज्य औसत से कम पाया गया। जिला अधिकारी कविता मीणा, ने सम्बन्धित अधिकारियों को सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही पशु-पक्षियों हेतु भी पेयजल की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

# उत्तर प्रदेश में डेयरी सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए कल वृहद संवाद

राजीव कुमार




**लखनऊ(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश में डेयरी सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में 05 मई 2026 को 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' का आयोजन किया जा रहा है।

इसकी थीम स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य खुशहाल उत्तर प्रदेश है। इस आयोजन में मेरठ और सहारनपुर मंडल के किसान, पशुपालक, उद्यमी और निवेशक एक मंच पर जुटेंगे।

कार्यक्रम में श्री मुकेश मेश्राम , अपर मुख्य सचिव , पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास और श्रीमती धनलक्ष्मी के. , दुग्ध आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के प्रगतिशील पशुपालक और निवेशक अपने अनुभव साझा करेंगे, जिससे अन्य किसानों को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी।

समागम के दौरान नन्द बाबा दुग्ध मिशन और दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा स्टॉल लगाकर डेयरी उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा।

विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीक, स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और डेयरी व्यवसाय में नए अवसरों पर विस्तृत चर्चा भी की जाएगी। यह आयोजन न केवल डेयरी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

प्रदेश सरकार की यह पहल किसानों के लिए आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और निवेश के नए अवसर खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

### आयोजन का उद्देश्य

इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में उन्नत स्वदेशी गोवंश को बढ़ावा देना और डेयरी सेक्टर को सशक्त बनाना है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाना है, जिसमें डेयरी सेक्टर को एक महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है।

## डीएम कविता मीना ने बाबूगढ़ में निमार्णाधीन खेल स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी कविता मीना ने सोमवार को जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ क्षेत्र में निमार्णाधीन खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेडियम निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया ।जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खेल स्टेडियम का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए ।डीएम कविता मीना ने कहा कि स्टेडियम निर्माण के दौरान ग्रीन हब एवं पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में एसएसपी कार्यालय में महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा

राजीव कुमार




**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक महिला शिकायत लेकर पहुंची और अचानक जोर-जोर से चिल्लाने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला कुछ देर के लिए धरने पर भी बैठ गई और कार्यालय परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला से उसकी समस्या जानने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार शोर-शराबा करती रही।

जानकारी के अनुसार, महिला का अपने परिवार—खासकर जेठानी और देवरानी—के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि वह अक्सर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती रही है। बताया गया कि पुलिस पहले से ही महिला की तलाश कर रही थी। इसी बीच वह खुद ही एसएसपी कार्यालय पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर महिला थाने भेज दिया। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## लेखक का सृजन उसकी आत्मा का आलोक होता है-डॉ.सविता चड्ढा



डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** निर्माण विहार स्थित एस.एस. एस. स्टूडियो में देवप्रभा प्रकाशन, गाजियाबाद के बैनर तले लेखिका कुसुम लता पुंडोरा 'कुसुम' की तीसरी कृति ह्लभूमंडल की अनुपम रचनाझ्माँह्व का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रवादी चिंतक ,प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा ने की। एवं अतिथि के रूप में वरिष्ठ गजलकार अनिल मीत, कवि एवं पत्रकार डॉ. चेतन आनंद, सुप्रसिद्ध दोहाकार डॉ. मनोज कामदेव, साहित्यकार डॉ. अशोक कुमार मयंक तथा कंचन वार्ष्णेय 'कशिश' मनचासिन रहे। अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर लेखिका का परिवार भी मंच पर उपस्थित रहा ।कार्यक्रम शुभारंभ रजनी बाला 'सहज' की गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात कुसुम लता 'कुसुम' ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

# मुबारिकपुर में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन में पहुंचे हापुड़ के प्रभारी धर्मेन्द्र यादव का जोरदार स्वागत

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के ग्राम पंचायत मुबारिकपुर में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और हापुड़ जनपद के प्रभारी प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हजारों ग्रामीणों ने प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी का फूलों की वर्षा करके भव्य स्वागत किया। प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने बताया समाजवादी सरकार आने पर परिवार की महिला मुखिया को 40000 प्रति वर्ष मिलेगा, ग्रामीणों को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी, किसानों को 24 घंटे के अंदर गन्ना भुगतान किया जाएगा, कानून व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, शिक्षा का बजट बढ़ाकर प्रत्येक छात्र को पढ़ाया जाएगा।

महिला सुरक्षा को लेकर और स्वास्थ्य को लेकर भी प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने अपने विचार रखें और ग्राम पंचायत मुबारकपुर के हर व्यक्ति का सहयोग करने का वादा किया ।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में मुबारकपुर गांव में कार्यक्रम रखा गया था। आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जाएगा और गांव गांव में समाजवादी चौपाल के नाम से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पिछले 10 वर्षों में 100 से अधिक कार्यक्रम विधानसभा में किए गए हैं और लाखों लोगों के बीच पहुंचकर समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया गया है ।आयोजन समिति में आशुतोष शर्मा, अंकित भड़ाना, वीरेंद्र कश्यप, नरेंद्र सिंह अंकित कौशिक आदि लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र जाखड़, प्रदेश सचिव महिला शालू जोहरी जी, जिला महासचिव मोहम्मद बिलाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक यादव, विधानसभा अध्यक्ष रिजवान चौधरी, समाजवादी नेता अंकित भड़ाना, प्रदेश सचिव मोहित नागर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रिंकू चौधरी मोहम्मद मुस्लिम, और सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. डीपी गंगवार ने दी शुभकामनाएं, प्रेस की आजादी को बताया लोकतंत्र की ताकत

लुकमान खान




**बीसलपुर/पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 130 विधानसभा बीसलपुर के पूर्व प्रत्याशी एवं आईएमए प्रेसिडेंट इलेक्ट बरेली डॉ. डीपी गंगवार ने समस्त पत्रकार बंधुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक आवश्यकता है।

डॉ. गंगवार ने कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र पत्रकारिता समाज को जागरूक करने, सरकार और जनता के बीच संवाद स्थापित करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने पत्रकारों के साहस, समर्पण और समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को सुरक्षित और स्वतंत्र वातावरण मिलना चाहिए, जिससे वे बिना किसी दबाव के सच को जनता तक पहुंचा सकें। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें अभिव्यक्ति की आजादी और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

# मां से रंजिश मासूम से बदला, सहेली के किशोर बेटे की नहर में धक्का देकर ले ली जान, इस बात पर था विवाद

राजीव कुमार



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सहारनपुर के नुमाइश कैंप क्षेत्र में एक महिला ने अपनी सहेली से रंजिश के चलते उसके 14 वर्षीय बेटे अंशुमन को पूर्वी यमुना नहर में धक्का देकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर शव बरामद कर लिया है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रंजिश ने एक दिल दहला देने वाली वारदात को जन्म दिया। मां से विवाद का बदला लेने के लिए पड़ोस में रहने वाली महिला ने अपनी ही सहेली के 14 वर्षीय बेटे अंशुमन को बहला-फुसलाकर घर से करीब आठ किलोमीटर दूर ले जाकर नहर में धक्का दे दिया। पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### सीसीटीवी से खुला पूरा राज

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नुमाइश कैंप के केशव नगर निवासी अंशुमन शुक्रवार को घर से निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने शहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें किशोर पड़ोस में रहने वाली महिला पूजा के साथ जाता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### पुल से नहर में दिया धक्का

पूछताछ के दौरान महिला ने कबूल किया कि वह किशोर को पूर्वी यमुना नहर के पास अंबाला रोड स्थित पुल तक ले गई और वहां से गहरे पानी में धक्का दे दिया। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। नहर का पानी रुकवाकर 17 गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया गया। करीब 14 घंटे की मशक्कत के बाद पुल से लगभग 150 मीटर दूर किशोर का शव बरामद कर लिया गया।

### पुलिस को करती रही गुमराह

गिरफ्तारी के बाद आरोपी महिला पूजा लगातार बयान बदलती रही और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करती रही। पूछताछ के दौरान उसने कभी मुजफ्फरनगर, कभी देवबंद, रामपुर मनिहारान और यहां तक कि हरियाणा के यमुनानगर तक की कहानी बताकर पुलिस को भटकाने की कोशिश की।

### लेनदेन के विवाद में लिया बदला

पूछताछ में सामने आया कि करीब डेढ़ साल पहले आरोपी महिला ने मृतक की मां ज्योति के बड़े बेटे अनुराग को करीब साढ़े छह लाख रुपये में एक दुकान बेची थी। इसमें दो लाख रुपये नकद मिले थे, जबकि साढ़े चार लाख रुपये बाकी थे। पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले हुए झगड़े में आरोपी महिला की बेइज्जती हुई थी। इसी रंजिश में उसने बदला लेने की ठान ली और मौका पाकर किशोर को अपने साथ ले जाकर नहर में धक्का दे दिया।



**मुबारिकपुर(वेलकम इंडिया)।** मुबारिकपुर में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन में पहुंचे हापुड़ के प्रभारी धर्मेन्द्र यादव का जोरदार स्वागत वेलकम इंडिया हरेंद्र शर्मा हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के ग्राम पंचायत मुबारिकपुर में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और हापुड़ जनपद के प्रभारी प्रोफेसर धर्मेंद्।

## बंगाल में खिला कमल का फुल भाजपा के जिले के कार्यालय पर मना जीत का जश्न

हरेंद्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में भाजपा कार्यालय पर पश्चिम बंगाल,असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से ऐतिहासिक जीत पर जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे के साथ कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ये जीत हजारों–लाखों समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और रात–दिन की परिश्रम और जनता के विश्वास का फल है। बूथ स्तर से लेकर पूरे संगठन तक हर कार्यकर्ता ने अपना खून–पसीना एक किया।

# केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने ली दिशा समिति की बैठक

## केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश: गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर

गोविन्द मेहता

**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। यहां जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्र पोषित एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।









जनप्रतिनिधियों ने अपने सवाल में केंद्रीय योजनाओं और सड़क निर्माण में फारेस्ट क्लियरेंस को लेकर विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई ।बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएमजीएसवाई, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं सामाजिक पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309 ए के डबललेन चौड़ीकरण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रभावितों को भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही पीएमजीएसवाई, लोनीवि एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर सड़क निर्माण पूर्ण करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुरक्षा मानकों व अंधे मोड़ों के सुधार के निर्देश दिए।

वन भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों के निस्तारण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से राइट ऑफ वे (मार्ग अधिकार) प्राप्त कर प्रभागीय वनाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से सीएचसी एवं पीएचसी का निरीक्षण करने तथा गांवों में कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रभागीय वनाधिकारी को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने तथा कार्यरत महिलाओं के लिए प्रस्तावित दो हॉस्टलों हेतु समाज कल्याण विभाग को प्रस्ताव तैयार कर भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। सभी खंड विकास अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने, साथ ही हर गांव में सड़क, जल एवं विद्युत सुविधा की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बीएसएनएल को नेटवर्क संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु फील्ड विजिट कर कनेक्टिविटी सुधारने के निर्देश भी दिए।

बैठक में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि कीवी मिशन के अंतर्गत पिछले वर्ष लगभग 1100 कुंतल उत्पादन तथा पिछले छह वर्षों में 125 कुंतल कुटकी उत्पादन किया गया है। औषधीय गुणों से युक्त काले धान की खेती के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत मिल रही है।

मनरेगा के अंतर्गत चालू वर्ष में 5.40 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के तहत वर्ष में 118 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट में गीतिका पंत ने प्रथम स्थान हासिल किया। बैठक में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट और भूपेश उपाध्याय, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या,बागेश्वर विधायक पार्वती दास,कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, ब्लॉक प्रमुख गरुड़ किशन सिंह बोरा, कपकोट प्रमुख भावना साही, बागेश्वर दीपा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया,पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, भाजपा महामंत्री संजय परिहार,घनश्याम जोशी,विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास डीडीओ संगीता आर्या, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत समेतसभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम का बड़ा एक्शन: वासा चक ग्राम पंचायत में 3 सदस्यीय समिति गठित

हाशिम रिजवी


आदेश

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। ग्राम पंचायत वासा चक में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में आरोपी ग्राम प्रधान इमरान के वित्तीय अधिकार सीज किए जाने के एक माह बाद जिलाधिकारी (डीएम) ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के तहत ग्राम में विकास कार्यों के सुचारु क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में डुमरियागंज के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कुमार कार्तिकेय मिश्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। समिति को ग्राम पंचायत में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की निगरानी, गुणवत्ता की जांच तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही एडीओ पंचायत को भी निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत वासा चक में विकास कार्यों में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गांव निवासी एवं समाजसेवी काजी अदनान अहमद ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर हुई जांच में मनरेगा लोकायुक्त द्वारा अनियमितताओं की पुष्टि की गई। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान इमरान के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। अब तीन सदस्यीय समिति के गठन से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रशासन विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। इस कार्रवाई से जहां एक ओर ग्रामीणों में पारदर्शी विकास की उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर अन्य ग्राम प्रधानों और उनसे जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

# अचानक बदला मौसम का मिजाज, दिन में छाया काले बादल: मूसलाधार बारिश

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह तक सामान्य रहे मौसम के बाद दोपहर करीब 12:15 बजे आसमान में घने काले बादल छा गए और दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया। तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जो देर तक जारी रही। बारिश की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सड़कों पर पानी भर गया और वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलानी पड़ी।

बारिश के साथ तेज गर्जना और लगातार बिजली चमकने से लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। कई इलाकों में लोग अपने घरों और दुकानों में ही सुरक्षित रहने को मजबूर हुए। बाजारों में अचानक सन्नाटा पसर गया, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को इससे बड़ी राहत मिली है। तापमान गिरकर लगभग 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया, जिससे वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है। यह बारिश बीते कुछ दिनों की बढ़ती गर्मी और उमस के बाद आई है।



यह बारिश खेती-किसानी के लिहाज से भी काफी लाभकारी मानी जा रही है। जिले में गेहूं की फसल कट चुकी है और खेत खाली पड़े हैं। ऐसे में यह वर्षा खेतों में नमी बनाए रखने में मदद करेगी, जिससे आगामी फसलों की तैयारी आसान होगी।

किसानों को सिंचाई के लिए पंप सेट या अन्य संसाधनों पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी, जिससे उनकी लागत में भी कमी आएगी। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और भूमि को नई फसल के लिए तैयार करने में सहायक होगी।

हालांकि, लगातार हो रही तेज बारिश से कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनती नजर आई है। निचले इलाकों में पानी जमा होने लगा है, जिससे आवागमन में दिक्कतें आ सकती हैं। प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, विशेषकर आकाशीय बिजली के खतरे को देखते हुए खुले स्थानों पर न रहने और सुरक्षित जगहों पर रहने की अपील की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले अगले तीन घंटों तक जिले में इसी तरह तेज बारिश और गरज-चमक के साथ मौसम बने रहने की संभावना है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

# मथुरा में अलंकार अग्निहोत्री का हुआ जोरदार स्वागत, परशुराम शोभायात्रा में हुए शामिल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** भगवान परशुराम शोभायात्रा में शामिल होने के लिए मथुरा पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री का स्वागत होली गेट पर किया गया। बृज यातायात एवं पर्यावरण जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में युवा ब्राह्मण कार्यकताओं ने उनका जोशीले अंदाज में अभिनंदन किया।

अलंकार अग्निहोत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सामान्य वर्ग के युवाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा से जुड़ें और अपनी आवाज बुलंद करें । इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीतिक दल केवल अपने हित साधने में लगे हैं और आम जनता के मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि ब्राह्मण समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने वाला कोई मजबूत राजनीतिक विकल्प नजर नहीं आ रहा है। कार्यक्रम में भागवत आचार्य चारु चर्चका लाडली, संजय हरियाणा, श्याम शर्मा, बृजेश शर्मा, मनीष शर्मा, अर्जुन पंडित, अशोक शर्मा, कन्हैया कटारा, दीक्षा शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फोटो परिचय: अलंकार अग्निहोत्री का स्वागत करते हुए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित, बृजेश शर्मा, मनीष शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।

# जैंत क्षेत्र में खाकी के संरक्षण में 'धरती का सीना' चीर रहे खनन माफिया

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/चौमुहां।** उत्तर प्रदेश में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के योगी सरकार के दावों की मथुरा में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जनपद के थाना जैंत क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार चरम पर है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नवागत थानाध्यक्ष के आते ही क्षेत्र में खनन माफियाओं ने दोबारा पैर पसार लिए हैं और पुलिस की कथित 'सरपरस्ती' में शाम ढलते ही जेसीबी मशीनें खेतों को छलनी करने लगती हैं।

जैंत थाना क्षेत्र के गांव चौमुहां, आझई, राल, छटीकरा, देवी आटस, गोंदा आटस, भरतिया और बाटी अवैध खनन के मुख्य केंद्र बन गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जैसे ही सूरज ढलता है, इन गांवों के खेतों में जेसीबी मशीनों की गूंज सुनाई देने लगती है। डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए मिट्टी की अवैध ढुलाई का काम रात भर बदस्तूर जारी रहता है। माफिया इतने बेखौफ हैं कि वे मुख्य हाईवे से लेकर ग्रामीण संपर्क मार्गों तक ओवरलोड वाहनों को फरार्टा भरवा रहे हैं।



चर्चा है कि खनन माफियाओं ने इलाका पुलिस की आंखों पर 'सुविधा शुल्क' का चश्मा चढ़ा दिया है। नवागत थानाध्यक्ष सोनू कुमार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि नए थानाध्यक्ष के आने के बाद से खनन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। एनजीटी और सरकार के सख्त आदेशों के बावजूद मथुरा पुलिस-प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे बैठा है, जिससे खनन माफिया चांदी काट रहे हैं।

अवैध खनन में लगे ये वाहन न केवल राजस्व को चपत लगा रहे हैं, बल्कि सड़कों पर काल बनकर भी दौड़ रहे हैं। तेज रफ्तार ओवरलोड डंपरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इतना ही नहीं, इन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि विरोध करने वाले ग्रामीणों के साथ अभद्रता और मारपीट करना इनके लिए आम बात है। पूर्व में भी कई बार पुलिस और आम जनता पर इन माफियाओं द्वारा हमले किए जाने की खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में इनका नेटवर्क और मजबूत होता जा रहा है। क्षेत्र के किसानों और निवासियों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जैंत क्षेत्र में चल रहे इस गोरखधंधे की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों व खनन माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

# घर में आराम फरमा रहा जिलाबदर का आरोपी, जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए किया था निष्कासित

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** जिलाबदर की कार्रवाई के बावजूद युवक अपने घर में आराम फरमा रहा है। जबकि मथुरा जिला मजिस्ट्रेट ने उसे छह माह के लिए जिलाबदर किया था। अलीगढ़ जिले की सीमा में छोड़े जाने के एक घंटे में ही वह घर लौट कर आ गया। मांट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जावरा के मजरा हैंद निवासी करन पुत्र ओवरन सिंह 25 वर्ष जिलाबदर के आदेश के बावजूद अपने घर में रह रहा है। मथुरा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 20 अप्रैल 2026 को करन को मथुरा सीमावर्ती जिला से छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। करन को मथुरा जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा एक्ट के मुकदमा में आदेश पारित करते हुए छह माह के लिए जिला बदर कर दिया था। जिला बदर का आदेश मिलने पर 21 अप्रैल को मांट थाना में तैनात उपनिरीक्षक विजन सिंह द्वारा आरोपी के घर से 4 किमी दूर अलीगढ़ जिले की सीमा में छोड़ा गया। जिला बदर का आरोपी अपने घर व गृह जिला क्षेत्र में छोड़ने के मात्र एक घंटे बाद ही लौट आया है। पुलिस पर ही उसे संरक्षण देने के आरोप हैं। उप निरीक्षक विजन सिंह आरोपी को बाय बाय करके सीमा पार करते हुए वीडियो बनवा कर केवल खानापूर्ति की गई है। मांट पुलिस की आरोपी से सांठ गांठ के चलते पुलिस आरोपी पर कार्यवाही नहीं कर रही है। कई बार इसकी जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह को भी दी गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।



# 25 वार्डो में लग चुके हैं 18 हजार कुत्तों को एंटी रेबीज टीके

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** सहारनपुर नगर निगम प्रदेश का ऐसा पहला नगर निगम है जिसके द्वारा वृहद स्तर पर एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम त्वरित गति से संचालित किया जा रहा है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम द्वारा पिछले चार महीने में ही अब तक 25 वार्डों को कवर करते हुए 18 हजार श्वानों( कुत्तों) का एंटी रेबीज टीकाकरण किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नगर निगम सहारनपुर गंभीरता के साथ एंटी रेबीज अभियान को गति दे रहा है। निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी एवं एंटी रेबीज अभियान के प्रभारी डॉ. सदीप मिश्रा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरूआत गत आठ जनवरी को वार्ड 40 के निगम परिसर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा की गयी थी। उन्होंने बताया कि 300 दिन में 70 वार्डो को पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष करीब चार माह में 25 वार्डो को कवर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एंटी रेबीज अभियान में पांच टीमें काम कर रही हैं। हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा अब तक 25785 श्वानों का बंध्याकरण (नसबंदी) भी किया जा चुका है। बंध्याकरण के दौरान भी कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन किया जाता है।





# मौत की टंकी का खौफ:जल जीवन मिशन की टंकी आंधी-बारिश में क्षतिग्रस्त, भ्रष्टाचार के आरोप

असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद के इटवा नगर पंचायत क्षेत्र में जल जीवन मिशन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। करहिया पुल के पास बनी पानी की टंकी हल्की आंधी और बारिश में ही क्षतिग्रस्त होकर लटकने की स्थिति में पहुंच गई है। मामूली मौसम बदलाव में ही ढांचा जवाब देने से निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इस टंकी को 'मौत की टंकी' करार दिया है और बताया कि यह कभी भी गिरकर बड़ा हादसा कर सकती है। इलाके में दहशत का माहौल है और लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं। घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि टंकी को तत्काल हटाया जाए और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# रिफाइनरी नगर में राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान पर मंडरा रहा खतरा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** रिफाइनरी नगर टाउनशिप, जिसे अपनी हरियाली और शांति के लिए जाना जाता है, इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक का केंद्र बन गई है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि देश का गौरव और हमारा राष्ट्रीय पक्षी 'मोर' अब यहाँ सुरक्षित नहीं है। रिफाइनरी नगर में रहने वाले निवासियों के अनुसार, टाउनशिप में आवारा कुत्तों का एक बड़ा समूह सक्रिय हो गया है, जो मोरों को घेरकर उनका शिकार कर रहा है। मोरों की घटती संख्या और आए दिन मिल रहे उनके अवशेषों ने पर्यावरण प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया है। इस समस्या की जड़ शॉपिंग सेंटर स्थित दो मीट की दुकानों को माना जा रहा है। आरोप है कि इन दुकानों से फेंकी जाने वाली हड्डियों और मांस के टुकड़ों को खाने के बाद कुत्तों की प्रवृत्ति हिंसक और शिकारी हो गई है। मांस का चस्का लगने के कारण अब ये कुत्ते टाउनशिप के शांत वातावरण में मोरों को अपना निवाला बना रहे हैं। आवारा कुत्तों का आतंक केवल पक्षियों तक सीमित नहीं है, हाल ही में मथुरा रिफाइनरी अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर को आवारा कुत्ते ने काट लिया था एवं शाम के समय नगर में टहलने वाले बच्चों पर भी आवारा कुत्ते हमला कर देते हैं। जिसकी वजह से टाउनशिप के छोटे बच्चे पार्क और सड़कों पर निकलने से भी अब कतरा रहे हैं, क्योंकि कुत्ते अक्सर उन पर झपट्टा मार देते हैं। आवारा कुत्तों का नगर वासियों में इस कदर भय व्याप्त है कि शाम के समय लोग अकेले टहलने से भी डर रहे हैं।



नगर वासियों का कहना है कि, रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा सुरक्षा और संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट है। मोरों के संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम अभी तक न उठाए जाने से नगर वासियों ने भी नाराजगी जताई है। नगर वासियों का कहना है कि ?हमारा राष्ट्रीय पक्षी हमारा गौरव है, रिफाइनरी प्रबंधन को जल्द ही इन हिंसक कुत्तों को पकड़ने और मीट की दुकानों पर नियंत्रण लगाने के कदम उठाने चाहिए, टाउनशिप की जैव विविधता इस तरह नष्ट हो रही है। नगर वासियों का यह भी कहना है कि प्रबंधन द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाना चाहिए एवं शॉपिंग सेंटर की मीट दुकानों पर स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के कड़े नियम लागू किए जाने चाहिए व राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण के लिए टाउनशिप में सुरक्षित 'बर्ड जोन' या फेंसिंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए ताकि पक्षियों का संरक्षण किया जा सके। पूर्व में भी वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सिंह तरकर द्वारा राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण का मामला प्रबंधन तक पहुंचाया गया था, रिफाइनरी प्रबंधन ने आश्वासन भी दिया था, लेकिन धरातल पर अभी तक कोई भी समाधान नही किया गया है। प्रबंधन की यह लापरवाही राष्ट्रीय पक्षी मोर के जीवन के लिए घातक साबित हो रही है, इस तरह की लापरवाही प्रबंधन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान खड़े कर रही है, देखने वाली बात यह होगी कि रिफाइनरी प्रबंधन आखिर कब जाकर राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएगा।

# जन कल्याण संस्थान बनाएगी 10 ग्रीन वे: बोहरा

## 10 स्थानों का चयन पूर्ण, शुभारम्भ 07 मई से

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बाड़मेर राजस्थान।** थार नगरी , बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर पिछले 10 वर्षों से सतत एक घर एक पौधा अभियान के माध्यम से पौधारोपण कर जन-जन को जागृत करने का कार्य कर रही है।

जिस कड़ी में संस्थान इस वर्ष शहर में अलग -अलग 10 स्थानों को सघन पौधारोपण कर ग्रीन वे बनाएगी।

संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थान के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की कड़ी में संस्थान शहर के चयनित 10 मार्गो को ग्रीन वे में तब्दील करने जा रही है ।इससे शहर की हरियाली में अप्रत्याशित इजाफा होगा। तथा ऑक्सीजन जॉन तैयार होंगे।



अमन ने बताया कि इस क्रम में शारदा स्कूल मार्ग, रोहिड़ा पाडा मुख्य मार्ग, जूना केराडू मार्ग, करमू जी की गली, महाबार रोड़, हमीरपुरा, शिवकर मार्ग, प्रताप जी की प्रोल, सामुदायिक सभा भवन वार्ड नं 10 व ढाणी बाजार इन 10 स्थानों को इस वर्ष ग्रीन वे बनाने को लेकर कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनगणना-2027 को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगी। जिसके लिए प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के 33 प्रश्नों को पूछेंगे। जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि की 7 मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। 17 मई से 21 मई तक लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों से कहा गया कि स्व गणना का कार्य स्वयं करते हुये अन्य लोगो को भी स्वगणना हेतु जागरूक करें। कार्यक्रम में स्व गणना से सम्बन्धित जानकारी देते हुये उपायुक्त उद्योग (मास्टर ट्रेनर) राजकुमार शर्मा एवं सुजीत कुमार (प्रदेश स्तर से सहयोग हेतु नामित) द्वारा अवगत कराया गया कि स्व गणना करने वाले लोग ऑनलाइन पोर्टल http://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी खुद भर सकेंगे। स्व गणना करने हेतु सबसे पहले पोर्टल पर जाकर राज्य का चयन करना होगा, कैप्चा (CAPTCHA) डालना होगा, स्वागत पेज पर डङ करना होगा, परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करना होगा जिसमे बाद में परिवर्तन नहीं कर सकते हैं, मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा, इमेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करना होगा, वेरीफाई एवं प्रोसीड करना होगा, प्रश्नों की भाषा का चयन कर मोबाईल में प्राप्त OTP को दर्ज कर वेरीफाई करना होगा, जिला, पिन कोड, अपने घर का पूरा पता दर्ज करना होगा तथा मानचित्र पर लाल मार्कर को चिकर अपने घर की सटीक लोकेशन भी तय करनी होगी। इसके बाद जनगणना हेतु पूछे जाने वाले सभी 33 प्रश्नों की सही जानकारी भरनी होगी। पूछे जाने प्रश्न जैसे मकान की फर्श, दीवार. छत की प्रमुख सामग्री, परिवार में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया का लिंग, परिवार का मुखिया यदि राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति या अन्य से सम्बंधित हो तो उपयुक्त का विकल्प चुने, मकान के स्वामित्व की स्थिति. उपलब्ध कमरों की संख्या, परिवार में रहने वाले विवाहित दम्पत्तियों की संख्या, पेयजल का मुख्य श्रोत. पेयजल श्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य श्रोत, शौचालय की सुलभता, शौचालय का प्रकार, गन्दे पानी की निकासी. स्नान सुविधा की उपलब्धता, रसोई घर एवं LPG/PNG गैस कनेक्शन की उपलब्धता, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इन्टरनेट सुविधा, लैपटॉप कंप्यूटर, टेलीफोन एवं मोबाईल फोन/स्मार्ट फोन, साईकिला/स्कूटर/मोटर साईकिल/मोपेड, कार/जीप/वैन, परिवार द्वारा उपयोग किये जाने वाले मुख्य अनाज तथा मोबाईल नंबर (केवल जनगणना उपयोग हेतु) दर्ज कर सहेंजे एवं आगे बढे (Save and Proceed) करना होगा। Save करने पर 11 अंकों की एक स्व गणना पहचान संख्या (SEID) जरी होगी जिसे सुरक्षित नोट कर रख लेंगे जो रटर/ईमेल के माध्यम से भी प्राप्त हो जायेगा। स्व गणना के बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। जिन्होंने पहले ही स्व गणना कर ली है उन्हें अपनों 11 अंकों की रएक्ऊ बतानी होगी। प्रगणक SEID दर्ज कर जानकारी का सत्यापन कर लेंगे। उक्त क्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव द्वारा स्वगणना के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारीगण / कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## विधायकों व डीएम ने फसल बीमा योजना के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति राशि के प्रमाण पत्र व चेक वितरित किए



**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** विधायक खलीलाबाद अंकुरराज तिवारी, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी व जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ एवं रबी के लाभान्वित किसान को फसल क्षतिपूर्ति की धन राशि के प्रतीक के रूप में प्रमाण पत्र एवं बैंक चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। लाभान्वित कृषक के रूप में गेहूं एवं धान की फसल का जनपद संत कबीर नगर के लाभान्वित कृषक राम प्रताप सिंह, गिरिजा शंकर सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, कौशल किशोर सिंह एवं ऋषि कुमार को चेक देकर फसल क्षतिपूर्ति धनराशि दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण इन किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत से अधिक क्षतिपूर्ति पाए जाने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति प्रदान की जा रही है। जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर क्रॉप कटिंग प्रयोग संपादित किए जा चुके हैं जिन किसानों का ग्राम पंचायत स्तर पर क्षतिपूर्ति पाया जाएगा उन्हें सीधे बैंक खाते में जनपद में नामित फसल बीमा कंपनी यूनिवर्सल शॉम्पो के माध्यम से उनके बैंक खाते में यह धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा0 राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# उड़ान टैलेंट सर्च परीक्षा में एन के पब्लिक स्कूल, तिलजा के छात्रों ने लहराया परचम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** उड़ान टैलेंट सर्च परीक्षा में एन के पब्लिक स्कूल, तिलजा के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक मुहम्मद नाजिम खान ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे परिणाम संस्थान की गुणवत्ता और शैक्षणिक स्तर को दशार्ते हैं।

प्रधानाचार्य एजाज अहमद ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके आत्मविश्वास, समर्पण और लगन का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे। सह संचालक एहतेशामुल हक ने अपने संबोधन में कहा कि ये बच्चे आगे चलकर बड़ी ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। उन्होंने सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि निरंतर प्रयास और सही दिशा में की गई मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस परीक्षा में सफल होने वाले प्रमुख छात्रों में माहिरा खातून, मोहम्मद वक्कास, मोहम्मद अनस, जावेरिया खातून, मदीहा खातून, इल्मा बेलाल, आयुषी सोनी, अक्सा खातून, हफ्शा शमशाद, साइमा खातून, प्रियांशी गोंड, जोहरा खातून, नादिया समद, ओम चौधरी, अमित पटेल, सबिता गौतम, उमा भारती, सदफ शमीम एवं अरसलानुल हक शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुहम्मद नाजिम खान, डायरेक्टर रिजवानुल हक, सह संचालक एहतेशामुल हक, प्रधानाचार्य एजाज अहमद, धीरेन्द्र कुमार, मौलाना उमरे आजम, गोविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पश्चिम बंगाल, असम, पुंडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** भाजपा सेमरियावा मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम, पुंडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। यही कारण है कि पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव में भाजपा को शानदार जीत मिली।

इस अवसर पर दुर्गेश प्रताप जायसवाल, अशोक कुमार चौरसिया, अफजल हुसैन, सोनू, सुरेंद्र कुमार पिंटू, बबलू, एजाज अहमद, भोला, राजकुमार, प्रमोद कुमार, राममिलन, गोविंद, धर्मेंद्र कुमार, सुखारी, कन्हैयालाल, राहुल, अनूप कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## डीआईजी बस्ती ने मगहर में यूनिसेफ के बहू-बेटी सम्मेलन कार्यशाला में किया प्रतिभाग







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती संजीव त्यागी ने जिलाधिकारी आलोक कुमार तथा पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत मगहर प्रेक्षागृह में यूनिसेफ द्वारा आयोजित बहू-बेटी सम्मेलन के तहत एक दिवसीय जिलास्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डीआईजी बस्ती ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लैंगिक आधारित हिंसा एवं अन्य सामाजिक जोखिमों से संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने, ऐसे मामलों में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को समुचित सहायता एवं सुरक्षा प्रदान करने, साथ ही महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बरो एवं अन्य सुरक्षा तंत्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा नियमित रूप से जनसंवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर संवेदनशील मामलों का प्रभावी निस्तारण कर समाज में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण बनाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीर नगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पराविधिक स्वयं सेवकगण करें लोक अदालत का प्रचार: न्यायिक अधिकारी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों के बाबत जनपद में विभिन्न थानों एवं तहसीलों में तैनात समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक आहुत किया। बैठक में श्री सिंह ने निर्देशित किया की दिनांक 09-05-2026 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु आम जन मानस में प्रचार प्रसार का होना आवश्यक है।

सभी पराविधिक स्वयं सेवक अपने-अपने क्षेत्र एवं नियुक्ति स्थल पर ज्यादा से ज्यादा लोगों में पैंपलेट वितरित करें तथा स्टीकर चस्पा करें, एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह योग्य वाद को चिन्हित करके वादकारियों को न्यायालय में उपस्थित होने का आग्रह करें। बैठक के उपरान्त कार्यालय लिपिक राम भवन चौधरी द्वारा समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को पैंपलेट एवं स्टीकर प्राप्त कराया गया।

उक्त बैठक में पराविधिक स्वयं सेवकगण क्रमशः अरविंद राय, अमित त्रिपाठी, प्रिया निषाद, प्रियंका, आरती, अखिलेश कुमार, शाहनवाज अहमद, प्रशांत, दिनेश यादव, ममता सिंह, शीतल गुप्ता, प्रिया देवी जितेंद्र कुमार यादव, मंजू रानी शर्मा, लल्लन आदि समेत अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अमेठी का बंगाल विजय में अहम योगदान, कार्यकताओं की मेहनत लाई रंग

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**अमेठी।** देश के हालिया विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जहां भाजपा ने प्रभावशाली प्रदर्शन दर्ज किया। इस सफलता में अमेठी जनपद के नेताओं और कार्यकताओं का भी महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि बंगाल की जीत संगठन की मजबूत रणनीति, कार्यकताओं की अथक मेहनत और प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अमेठी के कई कार्यकताओं ने बंगाल में जाकर जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार किया और घर-घर संपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाया। इस चुनाव में अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने स्टार प्रचारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाएं कर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया, जिससे कार्यकताओं में उत्साह और जनता में विश्वास बढ़ा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता ने एक बार फिर भरोसा जताया। मतदाताओं ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। यह जनादेश विकासोन्मुखी सोच और स्थिर सरकार की चाह को दशार्ता है।

### अमेठी में जश्न का माहौल

भाजपा की इस सफलता पर अमेठी में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुकुल बाजार स्थित अंबेडकर चौराहे पर वरिष्ठ नेता गिरीश चंद्र शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। कार्यक्रम में 'मोदी, योगी, स्मृति इरानी जिंदाबाद' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकताओं ने इसे लोकतंत्र की जीत बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

### आने वाले चुनावों को लेकर जताया विश्वास

वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि बंगाल की जनता ने बदलाव और विकास के मार्ग को चुना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी समय में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पंडित राम उंजेरे शुक्ला, शंकर बक्श सिंह, उदय नारायण मिश्रा, दिनेश कौशल, अरुण कुमार शुक्ला, विनय चौरसिया, संजय कौशल, सत्यम शुक्ला, रजत शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संतकबीरनगर पुलिस ने चोरी की 05 मोटर साईकिल और मोटर साईकिल बेचकर मिले 17,500रु0 के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, वाहन चोरी की 06 घटनाओं का खुलासा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, उ0नि0 लालबिहारी निषाद, उ0नि0 अनिल कुमार यादव, उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 संदीप यादव, का0 चन्द्रशेखर यादव, का0 जितेन्द्र कुमार सोनी, रि0का0 विपिन कुमार मौर्या, रि0का0 मो0 आरिफ खान ने सोमवार को 02 अभियुक्तों किशन कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी मटिहना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, मनीष सिंह पुत्र शर्मानन्द उर्फ शर्मा सिंह निवासी थवईपार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को चोरी की 02 अदद मोटर साईकिल के साथ गोला बाजार से गिरफ्तार किया तथा अभियुक्तो की निशानदेही पर सरौली रेलवे लाईन के किनारे से चोरी की 03 अदद मोटर साईकिल बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पहली घटना- दिनाँक 25.03.2026 को वादी श्री श्याम नरायण पाण्डेय पुत्र स्व0 धर्मराज पाण्डेय निवासी मझौरा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 19.02.2026 को अज्ञात चोर द्वारा खलीलाबाद स्थित कृष्णा पैलेस (मैरिज हाल) से वादी की मोटर साईकिल प्लैटिना चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 196/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। दूसरी घटना- दिनाँक 30.12.2025 को वादी श्री मोहम्मद जुबेर पुत्र यार मोहम्मद निवासी सरही थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 16.12.2025 को अज्ञात चोर द्वारा पटेल हास्पिटल भुजैनी के पास से वादी की मोटर साईकिल स्प्लेंडर चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 1209/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। तीसरी घटना- दिनाँक 03.05.2026 को वादी श्री गयास अहमद पुत्र स्व0 सलाम अहमद निवासी मोहल्ला बसंतपुर नरकटिया थाना राजघाट जनपद गोरखपुर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 02.05.2026 को अज्ञात चोर द्वारा बरदहिया बाजार से वादी की मोटर साईकिल होण्डा साईन चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 343/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। चौथी घटना- दिनाँक 29.04.2026 को वादी श्री यशोदानन्द यादव पुत्र स्व0 रामनिवास यादव निवासी रामपुर थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 29.04.2026 को अज्ञात चोर द्वारा बंजरिया पश्चिमी से वादी की मोटर साईकिल एच0एफ0डीलक्स चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 335/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पाँचवी घटना- दिनाँक 31.01.2026 को वादी श्री मनोज कुमार यादव पुत्र स्व0 रामसूरत यादव निवासी बंजरिया पूर्वी वार्ड नं0 17 थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनाँक 29.01.2026 को अज्ञात चोर द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल, खलीलाबाद से वादी की स्कूटी एक्टिवा चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 61/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था, थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा पूर्व में ही उक्त स्कूटी को बरामद कर लिया गया था । छठवीं घटना- दिनाँक 29.03.2026 को वादी श्री मुकेश पुत्र शेषमन निवासी चकमहुआँ (मोलनापुर) थाना महुली जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना महुली पर बावत दिनाँक 13.03.2026 को अज्ञात चोर द्वारा कड़सहरा मार्ग से वादी की मोटर साईकिल स्प्लेंडर प्लस चोरी कर लेने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना महुली पर मु0अ0सं0 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

## आंधी और तूफान से दिन में ही छाया अंधेरा, जमकर बरसे बादल



**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** सोमवार को भी दोपहर में आंधी, तूफान और बारिश का सिलसिला जारी रहा। दोपहर 12 बजे अंधेरा छा गया। सड़कों पर लाइट जलाकर वाहन चलते दिखे। खूब जमकर बारिश हुई जिससे मौसम सुहाना हो गया। जहाँ मौसम सुहाना हो गया वहीं बिजली आपूर्ति पर इसका विपरीत असर पड़ा।

## थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 500 ग्राम अवैध गाँजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, हे0का0 दीपचन्दर, का0 जयकिशन, का0 मुकेश यादव, का0 अमितेश, का0 आशुतोष सिंह, का0 बलवन्त चौहान ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त अजय पुत्र लक्ष्मन निवासी चंगेरा मंगेरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को ग्राम चंगेरा मंगेरा के पास से 500 ग्राम अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों–निदेशों का अक्षर : पालन करते हुए न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 345/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सेना में नहीं जा पाया तो नशामुक्ति का संदेश देने पैदल निकला पल्लव, पहुंचा मिजार्मुराद

**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** जज्बा अगर देश सेवा का हो, तो रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं। असम के एक नौजवान ने इस बात को सच कर दिखाया है। सेना की वर्दी पहनने का सपना टूट्टा तो क्या हुआ, पल्लव देव ने हाथों में 'नशा मुक्ति' की मशाल थामी और निकल पड़े पूरे भारत को पैदल नापने।

आज उनकी इस कठिन यात्रा का 365वां दिन है और वे आठ हजार की पैदल यात्रा कर वाराणसी जिले के मिजार्मुराद पहुंचे। असम के औभूमि जिले के रानीबारी गांव से शुरू हुआ यह सफर अब एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है।

5 मई 2025 को पल्लव देव ने अपने घर से पहला कदम बाहर निकाला था। आज करीब 1 साल 365 दिनों के सफर के बाद पल्लव उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले की सीमा में प्रवेश किया। जिनका मिजार्मुराद में स्वागत भी हुआ।

पल्लव अब तक असम, मेघालय, वेस्ट बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की धूल फांकते हुए हजारों किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं।



पल्लव का शुरूआती सपना भारतीय सेना में जाकर देश की रक्षा करना था।

उन्होंने मेहनत भी पूरी की, लेकिन कलर ब्लाइंडनेस की वजह से उनका चयन नहीं हो सका। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

सेना की वर्दी नहीं मिली तो क्या हुआ, उन्होंने देश को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया और निकल पड़े 'पैदल भारत यात्रा' पर। कंधे पर भारी बैग, हाथों में तिरंगा और दिल में नशा मुक्त भारत का सपना। पल्लव देव की यह जिद आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

वहीं पैदल यात्री पल्लव देव, ने कहा कि मेरा सपना सेना में जाने का था, लेकिन मेडिकल कारणों से वो पूरा नहीं हुआ।

फिर मैंने सोचा कि देश की सेवा तो कहीं से भी की जा सकती है। आज युवा नशे की लत में बर्बाद हो रहे हैं, मैं अपनी इस यात्रा के जरिए लोगों को जागरूक करना चाहता हूं कि एक नशा मुक्त समाज ही सशक्त भारत की नींव है।

मिजार्मुराद गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा पल्लव देव का स्वागत किया गया और रात्रि विश्राम का भी व्यवस्था किया गया।

# मनीष सिंह हत्याकांड के दरिंदों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** फूलपुर थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव के चर्चित मनीष सिंह हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर राष्ट्रीय सनातन संघ ने रविवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। संगठन ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी से कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपये का मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग शासन-प्रशासन से की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया पांडेय, राष्ट्रीय प्रभारी देवेंद्र पांडेय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, प्रदेश संरक्षक नागेश्वर सिंह, मंडल प्रभारी विजय शंकर चौबे, मंडल महासचिव आनंद राय, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह 'मुन्ना' एवं जिला उपाध्यक्ष विवेक राय सहित कई पदाधिकारी घमहापुर पहुंचे। पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि हत्याकांड के दरिंदों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड नहीं दिया गया तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया पांडेय ने कहा कि 'सनातन समाज पर हो रहे अत्याचार को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार पीड़ित परिवार को 5 करोड़ का मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी दे।'

## भाजपा समर्थित व्यापारियों ने मनाई जीत की खुशी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर शिकारपुर के व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सोमवार को नवीन अनाज मंडी में भाजपा समर्थित व्यापारियों ने एकत्र होकर खुशी मनाई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री संजय चौधरी ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास की नीतियों की जीत है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश में उनका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। साथ ही योगी आदित्यनाथ द्वारा पश्चिम बंगाल में की गई चुनावी रैलियों को भी उन्होंने इस जीत का महत्वपूर्ण कारण बताया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शर्मा, कृष्णराज सिंह, राजू शर्मा, ऋषिपाल सिंह, अनिल ठेकेदार, जय सिंह, गजय सिंह, केशव सिंघल, लईक अहमद, राजकुमार शर्मा, मुकेश कुमार, अनेक कौशिक, सरदार करनैल सिंह, प्रभात गर्ग, लवी गर्ग और देवेंद्र शर्मा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी जोरदार टक्कर पिता घायल पुत्र की हुई मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उटरावली में पहासू शिकारपुर मार्ग पर रविवार देर शाम को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने डॉक्टर से दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्र को मारी जोरदार टक्कर जिसमें पिता घायल पुत्र की हुई दर्दनाक मौत।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंटी उर्फ जापानी निवासी गांव करियावली थाना पहासू अपने पुत्र शांतनु उम्र करीब 4 वर्ष को बाइक से दवाई दिलवाने उटरावली गया था दवाई दिलवाने के बाद वापस घर लौटते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पहासू शिकारपुर मार्ग पर बाइक में टक्कर मार दी जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बंटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन मासूम बच्चे शांतनु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर मौके पर अहमदगढ़ थाना शिकारपुर कोतवाली पहासू थाना सलेमपुर थाना पुलिस मौके पहुंची थी उसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन जाम की सूचना पर शिकारपुर सीओ शशांक श्रीवास्तव अनूपशहर सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान डिबाई सीओ मधुप कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कर दिया। और पुलिस ने मासूम बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बुलंदशहर भेज दिया गया। उधर सोमवार को मासूम बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। वहीं गमगीन माहौल में परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया है। दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है रोरो कर बुरा हाल है। वही मृतक के दादा रवि कुमार पुत्र गंगाराम ने अहमदगढ़ थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर सीओ शशांक श्रीवास्तव ने बताया है कि अज्ञात वाहन की तलाश में तीन टीमें गठित की गई है सीसीटीवी कैमरे खंगालने में पुलिस लगी हुई है।

## जिला बदर अपराधी अवैद्य चाकू सहित गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना सीओ सर्किल के थाना बीबीनगर पुलिस द्वारा एक जिलाबदर अपराधी अंशुल निवासी ग्राम ढ़कौली को नहर पटरी पुल ग्राम मडोना जाफराबाद से अवैद्य चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त अंशुल शातिर किस्म का अपराधी है, जिसे न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट बुलन्दशहर द्वारा विगत 6 मार्च को 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया था। सीओ श्री रामकरन ने उपरोक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बीबीनगर पर मुअसं 117/26 धारा 4/25 आयुध अधिनियम व 10 गुण्डा अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अवगत कराया कि अभियुक्त अंशुल के आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध थाना भवन बहादुर नगर पर 3 मुकदमे दर्ज हैं। अंशुल को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राहुल चौधरी (थाना प्रभारी बीबीनगर), उपनिरीक्षक शुभम गंगवाल, हैड कांस्टेबल आदेश कुमार व कांस्टेबल प्रियांशु शामिल रहे।

# सरकारी बस स्टैंड से ही बसों का संचालन कराने की मांग

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना के उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा से जनहित से जुड़े मामलों में सकारात्मक कदम उठाए जाने की मांग की गई। श्री विश्वकर्मा ने शिकायतकताओं को आश्वस्त किया कि समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। राष्ट्रीय मानव सेवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ राजा मलिक के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा से मुलाकात कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

उपजिलाधिकारी को बताया गया कि स्थानीय बाबूजी कल्याण सिंह पार्क के पास बनाए गए सरकारी बस स्टैंड से यात्री बसों का संचालन नहीं हो रहा है। व्यवस्था के लिए जिम्मेदारों की उदासीनता के पीछे मिलीभगत की बू आ रही है तथा बस स्टैंड पर अतिक्रमण भी पसर गया है। उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा से उक्त निर्धारित बस स्टैंड से अतिक्रमणकारियों को खदेड़कर उक्त बस स्टैंड से ही बसों का संचालन सुचारू रूप से कराए जाने की मांग की गई। व्यवस्था को सुचारु करने में अड़ंगा डालने वालों तथा व्यवस्था में सहयोग न देकर मनमानी करने वालों के विरुद्ध विधि कार्रवाई की भी मांग की गई।

इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया कि 10 रुपए मूल्य के ई-स्टांप को निर्धारित मूल्य से ज्यादा 20 रुपए व 30 रुपए में बेचा जा रहा है। उक्त कालाबाजारी को बंद कराकर वास्तविक मूल्य पर ही बिक्री कराए जाने की मांग की गई। अवगत कराया कि स्याना नगर के मुख्य बड़े नाले की कई वर्षों से तल तक साफ-सफाई न होने के करण गंदगी विकराल रूप में पसर रही है, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उपजिलाधिकारी से इस संबंध में भी प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा ने संस्था प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखी गई मांगों को गंभीरता के साथ सुना तथा आश्वस्त किया कि समस्याओं का निदान कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपे जाते समय अम्बरीष त्यागी, रेवती प्रसाद, अशोक कुमार, प्रमोद त्यागी, मूलचंद चौहान, विनीत कुमार, अभय त्यागी, अनिल त्यागी, शोएब मलिक व सुनील कुमार मौजूद रहे।

## भाजपा गठवंधन की धमाकेदार जीत पर डिबाई में जश्न का माहौल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**डिबाई।** पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत व असम में हैट्रिक एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों के नतीजों में भाजपा व एनडीए की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में डिबाई भाजपा कार्यालय पर भाजपा डिबाई विधायक सीपी लोधी के नेत्रत्व में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर विजय का उत्सव मनाया तथा कार्यकताओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। एनडीए की इस प्रचंड जीत में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण राष्ट्र में हो रहे विकास के महायज्ञ का प्रतिफल है।यह परिणाम स्पष्ट संदेश है कि जनता विकास, सुशासन और स्थिरता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं करती। वहीं विपक्ष की करारी हार साबित करती है कि अवसरवाद, परिवारवाद, अव्यवस्था और दुष्प्रचार की राजनीति को जनता अब पूरी तरह से नकार चुकी है। डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी ने सभी विजयी प्रत्याशियों, कार्यकताओं और समर्थकों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बहुत बहुत बधाई एवम शुभकामानाएं दी हैं।

# आम के फलों में बैगिंग तकनीक से गुणवत्ता एवं उत्पादन में बढ़ोतरी




**संदीप तिवारी**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वाविद्यालय, अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी द्वारा सोमवार को किसानों को आम की फसल में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई है। आम के फलों में बैगिंग तकनीक अपनाकर किसान फल की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं तथा कीट एवं रोगों से सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि बैगिंग का अर्थ है विकसित हो रहे फलों को विशेष कागज या कपड़े के बैग से ढक देना। यह कार्य फल मटर के आकार से थोड़ा बड़ा होने पर किया जाता है। इससे फल मक्खी, फलों में दाग-धब्बे, धूप की झुलसा तथा कीटनाशक अवशेषों की समस्या कम होती है।बैगिंग करने से आम के फलों का रंग आकर्षक बनता है, छिलका साफ रहता है तथा बाजार में बेहतर मूल्य मिलता है। विशेष रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा एवं अम्रपाली, अरुनिका एवं अम्बिका जैसी किस्मों में यह तकनीक लाभकारी पाई गई है। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार पाण्डेय, श्रीप्रकाश सिंह, डॉ राहुल कुमार सिंह, प्रतीक्षा सिंह एवं पूजा सिंह ने अपने हाथों से आम के फलों में बैगिंग कर किसानों को तकनीक का प्रदर्शन किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को बैगिंग की सही विधि, समय तथा सावधानियों की जानकारी भी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार सिंह ने कहा कि यह तकनीक कम लागत में अधिक लाभ देने वाली है और निर्यात गुणवत्ता के फल उत्पादन में सहायक सिद्ध हो सकती है। किसानों से अपील की गई है कि वे इस तकनीक को अपनाकर आम उत्पादन से अधिक आय प्राप्त करें।

## खड़ी ट्रक में भिड़ी डंपर चालक की मौत, खलासी घायल

**संदीप तिवारी**



**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रखौना रिंग पर मेंहदीगंज के पास रविवार की देर रात सोनभद्र से पत्थर लादकर गोरखपुर जा रही डंपर पहले से खराब होकर खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में जा भिड़ी। जिससे डंपर के केबिन में फसकर डंपर के चालक व खलासी बुरी तरह घायल हो गए।पुलिस ने इलाज हेतु दोनों को एम्बुलेंस से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजवाया जहां चालक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मिजार्पुर जिले के सोनपुर गांव निवासी डंपर चालक अजय पाल उम्र (23) वर्ष पुत्र बहादुर पाल व खलासी महेंद्र पाल उम्र (40) वर्ष के साथ सोनभद्र से पत्थर लादकर गोरखपुर जा रहा था।

जैसे ही रिंग रोड पर मेंहदीगंज गांव के सामने पहुंचा पहले से टायर फटने के कारण खराब होकर हाईवे के किनारे खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में जा भिड़ा जिससे डंपर के केबिन में फसकर चालक अजय पाल व महेंद्र कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सहयोग से पुलिस ने घायलों को केबिन से बाहर निकलवाने के बाद इलाज हेतु बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेज दी जहां इलाज के दौरान चालक अजय की मौत हो गया।

पुलिस क्षतिग्रस्त डंपर व खड़ी ट्रक को हाइवे से हटवाकर साइड कार्रवाई। चौकी प्रभारी खजुरी गणेश पटेल ने बताया कि तहरीर अभी मिली नहीं है मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।

घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकार बुरा हाल रहा मृतक अविवाहित था एक माह पूर्व शादी होने वाली थी।

# दूसरे दिन भी रवि का शव नहीं मिला तलाश जारी




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** रविवार को थाना गजरौला गंगा घाट पर नहाने गये 5 युवक रवि ललित सोमवीर दिनेश सुरेन्द्र गंगा मे नहाने लगे।बाकी सब नहाकर बहार निकल आये लेकिन रवि गंगा में नहाता रहा कुछ समय बाकी बहार आ गये लेकिन रवि को डूबता देख उसका भाई ललित उसे बचाने के लिये गंगा में कूद गया। चीख-पुकार की आवाज सुनकर खेतों में काम करने वाले किसान दौड पडे और किसी तरह अथक प्रयास के बाद ललित को किसी तरह बचा लिया लेकिन रवि गंगा में ही औझल हो गया उसको नही बचाया जा सका। रविवार से ही रवि के शव की तलाश में पीएसी 41 वाहिनी गाजियाबाद की टीम रवि के शव को तलाश रही हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव का कोई पता नही लग पाया था। बताते चलें कि कोतवाली देहात के गांव कुछेजा निवासी सुखवीर सिंह की बेटी ज्योति की शादी 29 अप्रैल को थी। शादी की रसम पूरी करने के बाद रवि ललित सहित 5 जन थाना गजरौला घाट पर गंगा स्नान करने चले गये जिसमे चार जन नहा कर बहार आ गये लेकिन रवि गंगा में नहाता हुआ अचानक औझल हो गया। ललित अपने भाई रवि को बचाने गंगा में कूद गया। ललित को भी डूबता देख चीख-पुकार की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे किसानों ने अथक प्रयास के बाद ललित को तो किसी तरह बचा लिया लेकिन रवि गंगा की कोख में शमा गया। सूचना मिलते ही सीओ स्याना रामकरन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।

# आगरा आए खान सर . ताजमहल का किया दीदार फैंस में लगी सेल्फी लेने की होड़



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** फेमस टीचर और यूट्यूबर खान सर ने रविवार को ताजमहल का दीदार किया. रविवार सुबह वह आगरा पहुंचे और कड़ी सुरक्षा के बीच ताजमहल देखने के लिए पहुंचे. उनको देखते ही मौजूद पर्यटकों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह छा गया. हर कोई खान सर के साथ सेल्फी लेने की होड़ में लग गया. हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने व्यवस्था संभाली और लोगों को नियंत्रित किया।

इसके बाद उन्होंने ताजमहल का दीदार किया और सुरक्षाकर्मियों के साथ भी तस्वीरें खिंचवाई. उन्होंने कई युवाओं से मुलाकात भी की खान सर के दौरे के समय कुछ समय के लिए ताजमहल में रौनक सी आ गई. उनकी तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

# मोदीनगर में स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापार मंडल की बैठक, सरकार के फैसले का विरोध

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के मुद्दे को लेकर व्यापारियों में बढ़ते असंतोष के बीच व्यापार मंडल द्वारा एक अहम बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक कादराबाद स्थित विपिन काला नमक फैक्ट्री परिसर में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।बैठक में स्मार्ट मीटर को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बिलों में अनियमितता बढ़ सकती है और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है।इस दौरान सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के निर्णय का पुरजोर विरोध किया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक स्मार्ट मीटर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और उपभोक्ता हित में नहीं बनाया जाता, तब तक इसका विरोध जारी रहेगा।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

स्थानीय व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति में व्यापारियों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर शहर मंडल द्वारा बस स्टैंड पर मनाया उत्सव

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में मोदीनगर शहर मंडल द्वारा बस स्टैंड पर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ढोल बजाकर एवं मिठाई वितरण कर कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में क्षेत्र विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, जिला महामंत्री देवेंद्र चौधरी , जिला कोषाध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला मीडिया संयोजक पिंकी चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके शहर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा अतिरिक्त मंडल के महामंत्री अमितेज जैन अनिल सैन, उपाध्यक्ष अमित कराटे, दीपक कर्दम, आशीष कश्यप, दौलत राम जांगिड़, निशा जायसवाल, गोपाल गौतम, मंडल मंत्री सौरभ शर्मा, सुभाष मलिक, कुसुम निगम, दीपांशु मलिक, राकेश कर्दम, कोषाध्यक्ष सागर गुप्ता सहित अन्य कार्यकताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर पार्टी की इस विजय को देश के विकास और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा भविष्य में भी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# हिंदू रक्षा दल मोदीनगर संगठन का किया गठन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने मोदीनगर संगठन का गठन करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र सोंपते हुए सभी से हिंदुत्व की रक्षा करने की उम्मीद जताई। बैठक के दौरान हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी द्वारा मोदीनगर संगठन गठन किया गया। जिसमें विधान सभा अध्यक्ष सपना अग्रवाल को नियुक्त करने के साथ नीरज शर्मा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया।गौरव राठी को मोदीनगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने सहित रोहित सक्सेना नगर उपाध्यक्ष एवं नरेंद्र सेन नगर मंत्री के पद पर नियुक्त हुए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पिंकी चौधरी ने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एक साथ मिलकर संगठन को मजबूत करते हुए हिंदुत्व की रक्षा करेंगे। इस मौके पर पिंकी चौधरी ने कहा मुझे मोदीनगर में संगठन तैयार करते हुए बड़ी खुशी हो रही है क्योंकि तीन से जुड़े सभी सदस्य पहले से ही हिंदू हित में कार्य कर रहे हैं और मैं अपनों के ही बीच खड़ा हूं। उन्होंने कहा आने वाले समय में मोदीनगर मैं हमारा संगठन इतना मजबूत होगा कि दूसरे लोग कुछ करने से पहले सो बार सोचेंगे सोचेंगे।

# 'कचरे से कला तक' सीएसएचपी स्कूल बना ग्रीन और जीरो वेस्ट मॉडल स्कूल





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** नगर निगम की स्वच्छ स्कूल मुहिम से प्रेरित होकर विजयनगर स्थित सीएसएचपी स्कूल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए 'ग्रीन स्कूल' और 'जीरो वेस्ट स्कूल' की अवधारणा को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर विद्यालय में वेस्ट टू आर्ट लैब एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कचरे के पुनः उपयोग, रीसाइक्लिंग और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। छात्रों ने बेकार सामग्री से आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुएं तैयार कर अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभ से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करना है। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। यह पहल अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हो सकती है, जिससे वे भी इस अभियान से जुड़कर स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में योगदान दे सकें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सेल्स मैनेजर की मौत, कमरे में मिला शव

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दयावती ट्रेनिंग सेंटर में रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान लखनऊ निवासी प्रवीण कुमार (पुत्र रमेश सिंह) के रूप में हुई है, जो निजी कंपनी जेटीपीएल में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था और फिलहाल मोदीनगर में ट्रेनिंग सेंटर के एक कमरे में रह रहा था। मूल रूप से लखनऊ के ओमेक्स रेजिडेंसी, पुलिस लाइन हेड क्वार्टर के पास रहने वाले प्रवीण कुमार पिछले कुछ समय से पेट में गैस की समस्या से जूझ रहा था और मोदीनगर के एक चिकित्सक से उसका इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को भी उसे गैस की दिक्कत हुई थी, जिसके चलते वह अस्पताल से दवाई लेकर अपने कमरे पर लौट आया था। घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ जब कंपनी का ड्राइवर उसे लेने के लिए सुबह करीब नो बजे ट्रेनिंग सेंटर पहुंचा। ड्राइवर ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया न होती देख उसने कमरे के भीतर झांक कर देखा तो प्रवीण कुमार बिस्तर पर बिना किसी हलचल के पड़ा हुआ था। कई बार आवाज देने के बावजूद जब वह नहीं उठा, तो ड्राइवर ने तुरंत ट्रेनिंग सेंटर के रिसेप्शन पर इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय पुलिस को खबर दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# जीडीए की अवैध निमार्णों पर बड़ी कार्रवाई: राजेन्द्रनगर व शालीमार गार्डन में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान, कई अवैध संरचनाएं ध्वस्त





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा अवैध निर्माण, अतिक्रमण एवं अनधिकृत कब्जों के विरुद्ध चलाया जा रहा सख्त अभियान लगातार जारी है। उपाध्यक्ष के निदेशों के अनुपालन में दिनांक 04 मई 2026 को प्रवर्तन टीम द्वारा राजेन्द्रनगर एवं शालीमार गार्डन क्षेत्र में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत राजेन्द्रनगर सेक्टर-2 स्थित भूखण्ड संख्या आरएम-137, आरएम-137अ एवं आरएम-137इ तथा शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, साहिबाबाद स्थित भूखण्ड संख्या उ-100 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए गए अवैध निमाणों को चिन्हित कर मौके पर ध्वस्त किया गया। इस पूरे अभियान का संचालन सहायक अभियंता पीयूष सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अवर अभियंता गोपाल कृष्ण शर्मा एवं प्रशांत सहित प्रवर्तन टीम की सक्रिय भूमिका रही। कार्रवाई के दौरान जीडीए प्रवर्तन स्टाफ एवं पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान को पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। जीडीए ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करें और स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण करें, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम जन्म उत्सव के उपलक्ष में नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भगवान परशुराम जन्म उत्सव के उपलक्ष में शहर में एक भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और वह बाबा परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के मंत्री सुनील शर्मा, एमएलसी श्रीश चंद शर्मा, के साथ विधायक डॉ मंजू शिवाच, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम मंदिर सीकरी से किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त पद यात्रा करते हुए परशुराम मंदिर कपड़ा मिल पर पहुँचे।

इस विशाल पद यात्रा मोदीनगर शहर में अनेकों जगह स्वागत किया गया । इस यात्रा में ढोल नगाड़े बैंड मनहोमक झाकियाँ प्रसिद्ध कसना डीजे ने लोगो का मान मोह लिया ।शोभायात्रा में मुख्य रूप से ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा, महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, एडवोवेट प्रमोद शर्मा जय प्रकाश शर्मा मयंक शर्मा कौशल वशिष्ठ अरविंद ओझा दीपक वत्स, पपन शर्मा नरेंद्र शर्मा सचिन शर्मा कुणाल सर्वेश शर्मा मधुसुगंद शर्मा शिवम शर्मा निशांत भारद्वाज योगेंद्र विपिन वत्स सोमेश शर्मा मनोज शर्मा ठेकेदार अतुल शर्मा हरीश त्यागी अविनाश त्यागी स्पर्श त्यागी प्रदीप बोस एडवोकेट राज कुमार गुप्ता अमित कराटे मनीष अग्रवाल भोला सिसौदिया भव्य सिसौदिया डॉक्टर कमल गुप्ता आदि लोग रहे।

# झुलसती गर्मी में भी गुरु के लंगर की सेवा निरंतर चलती रहेगी: हरजीत सिंह




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड मोदीनगर के तत्वधान में साप्ताहिक लंगर की सेवा छाया पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल,गोविन्दपुरी,मोदीनगर पर गुरु महाराज के चरणों में अरदास करके लंगर सेवा की शुरूआत की गई।दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के द्वारा शुरू की गई साप्ताहिक लंगर के साथ गर्मी को देखते हुए छबील (मीठे शरबत की सेवा भी शुरू की गयी। आसपास के व्यापारी भाईयों ने भी दशमेश परिवार की सेवाओं को देखते हुए दशमेश परिवार के साथ सेवा करने का निर्णय लिया है। समाज के हर वर्ग और धर्म से लोग लगातार दशमेश परिवार के साथ जुड़ रहे हैं और निरंतर तन मन धन से अपनी सेवाएं दे रहे हैं ओर बहुत से सामाजिक लोग भी आगे आकर समिति के इस नेक कार्य के लिए दशमेश परिवार के सभी सेवादारों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस बढ़ते हुए परिवार, आपके सबके आशीर्वाद और सहयोग से ही ये सब संभव हो रहा है। लंगर की सेवा शहर के विभिन्न स्थानों पर इसी तरह आने वाले हर रविवार को लगाई जाएगी। इस सेवा मे सभी परिवारों का सहयोग और आशीर्वाद ऐसे ही दशमेश परिवार को मिलता रहे ऐसे ही गुरु महाराज जी अपने सेवादारो से सेवाएं लेते रहे। सेवा में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे, एवं युवा सेवादार सेवास्थल पर उपस्थित थे।

# दहेज लालच पड़ा भारी: ऑपरेशन कन्विक्शन में आरोपी को 7 साल की सजा



श्री रवि शर्मा
सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता



मु0आ0 सतकुमार
पैरोकार कन्विक्शन सेल



मु0आ0 राजीव वर्मा
पैरोकार थाना कविनगर

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत एक दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी को कड़ी सजा दिलाई गई है।प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को 7 वर्ष के कठोर कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल की सक्रिय भूमिका, विवेचक श्रीमती अंशु जैन (तत्कालीन क्षेत्राधिकारी कविनगर) की सटीक विवेचना और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) की प्रभावी पैरवी से यह निर्णय संभव हो पाया। थाना कविनगर में दर्ज इस मामले में आरोपी राजेश यादव पर दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-07 गाजियाबाद ने आरोपी को धारा 304बी भादवि में 7 वर्ष, धारा 498ए में 2 वर्ष तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 6 माह के कारावास के साथ कुल 7 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# हाईटेक हुआ नगर निगम, सीएसआर के तहत मिले 50 लेटेस्ट डेस्कटॉप, कर्मचारियों को डिजिटल कार्यशैली अपनाने के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता बढ़ाने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम ने डिजिटल परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को नवीनतम तकनीक से लैस ऑल-इन-वन डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य नगर निगम की कार्यप्रणाली को पूरी तरह आधुनिक बनाना तथा ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में प्रशासनिक कार्यों को पारंपरिक तरीकों से संचालित करना अब संभव नहीं है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से न केवल कार्यों की गति बढ़ेगी बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम अब हाईटेक कार्यशैली अपनाते हुए सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रकाश विभाग से शेष मणि यादव तथा मुख्य नगर लेखा परीक्षक विवेक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के लिपिकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और कर्मचारियों को नए कंप्यूटर सौंपते हुए उन्हें डिजिटल प्रणाली के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नगर निगम को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत वीए टेक वाबैग कंपनी द्वारा 50 आधुनिक डेस्कटॉप कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने इस सहयोग के लिए कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक संस्थानों और निजी क्षेत्र के सहयोग से शहर के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाया जा सकता है।

नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अब सभी विभाग ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइलों और दस्तावेजों पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कागजी प्रक्रिया में समय की बबार्दी और दस्तावेजों के खोने की संभावना रहती है, जबकि डिजिटल फाइल प्रणाली सुरक्षित, तेज और पारदर्शी होती है। उन्होंने बाबुओं, लिपिकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों से नई तकनीक सीखने और उसे दैनिक कार्यों में अपनाने का आ'ान किया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पुराने कंप्यूटरों में मौजूद सभी महत्वपूर्ण फाइलों और दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक नए सिस्टम में स्थानांतरित किया जाए। किसी भी डेटा की हानि न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रभारी नजारत को सीएसआर के तहत प्राप्त सभी कंप्यूटरों की सूची तैयार कर रिकॉर्ड में सुरक्षित रखने तथा चरणबद्ध तरीके से पुराने सिस्टम हटाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि आधुनिक उपकरणों के उपयोग से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और नागरिकों को मिलने वाली सेवाएं अधिक तेज एवं प्रभावी होंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नगर निगम का लक्ष्य केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से फाइलों की ट्रैकिंग आसान होगी, निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से संभव हो सकेगा।

# तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकताओं ने मिठाई बांटी



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के निष्ठावान कार्यकताओं द्वारा लड्डू और झालमोड़ी वितरित करके ढोल नगाड़े की घुन में नाच कर भव्य जशन मनाया ।भाजपा की जीत पर बस स्टैंड पर आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकताओं ने जश्न मनाया और मिठाई वितरित की। विधायक डॉ मंजु सिवाच के जीत पर कहा कि यह जीत उन निष्ठावान संघर्षशील कार्यकताओं की जीत हो। जिन्होंने कई साल से पार्टी को सत्ता में लाने के लिए संघर्ष किया और आज 2026 में बंगाल में भारतीय जानता पार्टी की पूर्ण बहुमत में सरकार बनी। साथ ही भाजपा नेता डॉक्टर पवन सिंघल ने कहा कि यह जीत की आम लोगों पर किए गए अत्याचार की जीत, आम लोगों जो बंगाल में बेघर हुए लोगों की जीत है। इस मौके पर सुदेश जैन नीरज त्यागी सुभाष सांगवान महेश तायल प्रदीप बोस विजय बाल्मीकि टेंपल सिंह रोहित अग्रवाल अनुज त्यागी सतीश खरवा हिमांशु थापर विजेंद्र सिंह विपिन वत्स सुभाष सांगवान सुमित त्यागी सचिन त्यागी अश्वनी राधे श्याम गुप्ता भव्य सिसौदिया डॉक्टर कमल गुप्ता साधना शर्मा गीता कौशिक अपराजिता सिंह जागृति गुप्ता दीपा वर्मा अनिता सविता राजकुमारी मुन्नी मीनाक्षी भूटानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन राज्यों में भाजपा ने लहराया भगवा ध्वज: गाजियाबाद में गूंजा विजय उत्सव, ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया गया जश्न











कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पूर्वोत्तर एवं पूर्वी भारत में भारतीय जनता पार्टी के उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद गाजियाबाद में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। असम और पश्चिम बंगाल में पार्टी के मजबूत जनाधार एवं बढ़ते प्रभाव को लेकर महानगर भाजपा कार्यालय पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया।

असम में लगातार बढ़ते जनसमर्थन तथा पश्चिम बंगाल में संगठन के विस्तार को कार्यकताओं ने विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व के प्रति जनता के भरोसे का परिणाम बताया। इसे जनविश्वास आधारित राजनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भी देखा गया।

कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक नंदकिशोर गुर्जर तथा ओबीसी मोर्चा के बलप्रीत सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विजय उत्सव के दौरान कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूम उठे और 'भारत माता की जय' एवं 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कई कार्यकताओं ने नृत्य कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। जिले भर में पार्षदों एवं कार्यकताओं ने भी गुलदस्ते भेंट कर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी प्रकट की। पूरे शहर में ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का उत्साहपूर्ण जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह सफलता संगठन की एकजुटता, कार्यकताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का प्रतीक है। अंत में सभी ने देशवासियों को बधाई देते हुए इसे विकास, स्थिरता और जनआस्था की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताया।

## अनुशासनहीनता पर पुलिस का कड़ा एक्शन: तीन उपनिरीक्षक निलंबित, एक लाइन हाजिर

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में अनुशासन एवं जनसेवा की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए विभिन्न मामलों में कार्यवाही की गई है।



**प्रकरण 1:**

पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन द्वारा थाना साहिबाबाद पर तैनात उपनिरीक्षक गौरव मदरेडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर जनता के साथ दुर्व्यवहार करने एवं अमर्यादित शब्दों के प्रयोग के गंभीर आरोप पाए गए। यह कार्रवाई पुलिस विभाग की अनुशासनात्मक व्यवस्था के तहत की गई है, जिससे पुलिस और जनता के बीच शालीन एवं विश्वासपूर्ण संबंध सुनिश्चित किए जा सकें।

**प्रकरण 2:**

थाना नंदग्राम में तैनाती के दौरान ड्यूटी में अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता के आरोपों के चलते पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा उपनिरीक्षक आकाश कुमार राय, मुख्य आरक्षी अरुण कुमार एवं आरक्षी सुनील कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

**प्रकरण 3 :**

थाना अंकुर विहार पर तैनात उपनिरीक्षक अवनीश कुमार (कार्यवाहक चौकी प्रभारी डाबर तालाब) को ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता के कारण पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन द्वारा लाइन हाजिर किया गया है।

पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अमर्यादित आचरण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमिश्नरेट गाजियाबाद ने यह भी आश्वस्त किया है कि पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक कदम निरंतर उठाए जाते रहेंगे, ताकि नागरिकों को बेहतर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

## ऑपरेशन प्रहार का एक और वार: गाजियाबाद में अवैध हथियारों संग दो आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत गाजियाबाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल (.32 बोर), 04 जिंदा कारतूस मय मैगजीन तथा एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के नेतृत्व में 03 मई 2026 को थाना वेव सिटी क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल, थाना वेव सिटी में आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नियमों की राह पर चलेंगे तो सुरक्षित मंज़िल पाएंगे: वसुंधरा के स्कूल में गूंजा सड़क सुरक्षा का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित विद्या बाल भवन स्कूल में एक प्रभावशाली यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस उपायुक्त (यातायात) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन, सड़क संकेतों की समझ और सुरक्षित आवागमन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ने बच्चों को सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार छोटी-छोटी सावधानियां– जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना और सड़क पार करते समय सतर्क रहना–उनकी और दूसरों की जान बचा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क पर अनुशासन और संयम ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां उन्होंने यातायात नियमों से जुड़े प्रश्न पूछे और सही जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को न केवल नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया गया। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि इससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति सजगता विकसित होती है।

अंत में पुलिस उपायुक्त ने सभी को यह संदेश दिया कि 'सड़क पर आपकी एक छोटी सी लापरवाही किसी के लिए बड़ी दुर्घटना बन सकती है, इसलिए हमेशा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।'

## गाजियाबाद में अग्नि सुरक्षा का महाअभियान: झुग्गी बस्तियों से हाईराइज सोसायटियों तक चला मॉक ड्रिल का व्यापक अभियान, हजारों लोगों को किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में चल रहे एक सप्ताह के विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज 04 मई 2026 को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर फायर मॉक ड्रिल एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना कौशाम्बी क्षेत्र के भोवापुर स्थित अस्थायी टिन शेड से बनी लगभग 150 झुग्गी-झोपड़ियों में निवासरत प्रवासी श्रमिकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग, विद्युत वायरिंग की स्थिति की जांच, कटी-फटी वायरिंग से बचाव तथा आग से सुरक्षा के आवश्यक उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही झुग्गी क्षेत्रों में धूम्रपान न करने, जलती माचिस की तीली को इधर-उधर न फेंकने एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम में 'आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें' विषय पर भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का अल्प प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह अभियान वेस्ट पिकर वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं को-ऑर्डिनेटर वीरेन्द्र कुमार एवं चौधरी आजाद के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, फायर विभाग तथा बैंक अधिकारियों के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। इसी क्रम में जनपद के अनेक हाईराइज भवनों एवं महत्वपूर्ण परिसरों–जैसे सुपरटेक वैशाली, पंचशील सोसायटी, अर्था टावर, आशियाना सोसायटी, द सिग्नेचर रेजीडेंसी ट्रोनिका सिटी, वीवीआईपी सोसायटी, अंसल ग्रुप की विभिन्न सोसायटियाँ, गुलमोहर ग्रीन, शालीमार सिटी, ऑक्सी होम, दिल्ली 99, आनंद धाम सहित कई अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अग्निशमन विभाग की टीमों द्वारा फायर टेंडर्स के माध्यम से भवनों का निरीक्षण किया गया, निकास मार्गों की जांच की गई तथा अग्निशमन उपकरणों का परीक्षण कर लोगों को उनके उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। जिन भवनों में सुरक्षा व्यवस्था में कमी पाई गई, उन्हें सुधार हेतु नोटिस जारी किए गए तथा विद्युत सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी भवन स्वामी एवं प्रबंधन अपने परिसरों में अग्निशमन प्रणालियों को सदैव क्रियाशील रखें और निकास मार्गों को अवरोध मुक्त बनाए रखें, जिससे किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की जा सके। कमिश्नरेट गाजियाबाद का यह अभियान जनसुरक्षा और आपदा प्रबंधन के प्रति एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल माना जा रहा है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

## महाराजपुर रोड पर पोल से लटका मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद (सुमित सोरेन)।** थाना लिंक रोड क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर रोड पर स्थित फेयर एक्सपोर्ट कंपनी के पास शनिवार (2 मई 2026) को एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पोल से फंदे के सहारे लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



पुलिस के अनुसार, महाराजपुर क्षेत्र में सड़क किनारे एक पोल से अज्ञात व्यक्ति का शव लटका होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में थाना लिंक रोड में रपट संख्या 027 समय 10:49 बजे दर्ज की गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

पुलिस प्रशासन आसपास के क्षेत्रों में मृतक की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को इस हुलिए के व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो तो वे तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या थाना लिंक रोड को सूचित करें, ताकि मृतक की पहचान कर मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके।

### खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कैलाश नाथ, पुत्र राजेंद्र नाथ, निवासी बालाजीपुरम, मैनपुरी (उत्तर प्रदेश–205001), गाजियाबाद बस स्टैंड से राजनगर अपने अधिवक्ता के यहां जा रहा था। इसी रास्ते में मेरा एक थैला (जिसमें कई महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे) खो गया हैं। खोए हुए दस्तावेजों में फॉर्म–38, फॉम नं–क्रमांश: 0254837, 0254838 और 0254839 शामिल हैं। यदि किसी को मिले तो सम्पर्क करें।